दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 351 | सीकर, मंगलवार 17 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## डॉ राकेश साबू के खिलाफ बिगुल, पद बहाली तक जारी रहेगा संघर्ष

जिलेभर में काली पट्टी बांध विरोध, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को भेजा ज्ञापन




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अरिसदा के आह्वान पर छह सेवारत चिकित्सकों के पदनाम विलोपन के विरोध में जिलेभर के चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। राजकीय बीडीके अस्पताल में चिकित्सकों ने मुख्य द्वार पर नारेबाजी कर रोष जताया। चिकित्सकों का आरोप है कि जीएमसी प्रधानाचार्य डॉ राकेश साबू द्वारा तानाशाही एवं बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाया गया है, जिससे चिकित्सा वर्ग आहत है। पदनामित चिकित्सक कॉलेज की शुरुआत से बिना अतिरिक्त मानदेय शिक्षण सेवाएं दे रहे थे। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, नई दिल्ली को भेजे ज्ञापन में पदनामित चिकित्सकों की बहाली, प्रधानाचार्य पर अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं पद से हटाने की मांग की गई है। चिकित्सकों का कहना है कि आयोग की गाइडलाइन व राज्य सरकार के निर्देशानुसार पदनाम दिए गए थे और बिना सक्षम स्तर की अनुमति पद विलोपन नियम विरुद्ध है।

अरिसदा प्रवक्ता डॉ विजय झाझड़िया ने बताया कि मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। अध्यक्ष डॉ एस, जब्बार ने कहा कि कल भी जिलेभर में काली पट्टी बांधकर विरोध किया जाएगा तथा जरूरत पड़ी तो प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन में डॉ राजेन्द्र ढाका, डॉ शीशराम गोठवाल, डॉ पुष्पा रावत, डॉ राजेन्द्र पायल, डॉ जगदेव सिंह, डॉ मधु तंवर, डॉ आकांक्षा, डॉ मनीषा चौधरी, डॉ श्वेता, डॉ दीपक देवठिया, डॉ सपना झाझड़िया, डॉ राहुल सोनी, डॉ गौरव बूरी, डॉ ईकराज अहमद, डॉ दुष्यंत बसेरा, डॉ प्रियंका कस्वा, डॉ सुरेश मील, डॉ नेमीचंद, डॉ संदीप नेमीवाल, डॉ प्रमोद तेतरवाल, डॉ प्यारेलाल भालोठिया, डॉ अरविंद जाखड़, डॉ नवीन, डॉ कपूर थालौर, डॉ पूनम चौधरी सहित अनेक चिकित्सक शामिल रहे। मलसीसर में भी डॉ सतवीर व डॉ अशोक सैनी सहित चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया।

## आईटी विभाग के कार्मिकों की बैडमिंटन प्रतियोगिता 21-22 फरवरी को

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ जिला इकाई झुंझुनू के तत्वावधान में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के कार्मिकों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 21 व 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश नुनिया ने बताया कि जिले में पदस्थापित आईटी कार्मिकों में आपसी सौहार्द, टीम भावना तथा शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवाचार के रूप में बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रथम संस्करण का आयोजन स्वर्ण जयंती स्टेडियम, झुंझुनू में किया जाएगा। आईटी यूनियन जिला खेल प्रभारी कपिल झाझडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में एकल, युगल एवं मिश्रित वर्ग के मुकाबले बैडमिंटन नियमों के अनुसार आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 फरवरी निर्धारित की गई है। आयोजन समिति ने जिले के सभी आईटी विभागीय कार्मिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## ब्रज के फागोत्सव की तर्ज पर ठाकुरजी खेलेंगे होली




**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रज के फागोत्सव की तर्ज पर गुलाबी नगरी के मंदिरों में होली तक फागोत्सव के दौरान ठाकुर जी को रंग बिरंगी गुलाल अर्पित की जा रही है शेखावाटी और स्थानीय कलाकार चंग और ढप की थाप पर फाल्गुनी भजन सुना रहे है इसी कड़ी में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य मे सोमवार को गोविंद धाम में पालने में झूलते हुए श्री लड्डु गोपाल की रचना झांकी सजाई गई । ठाकुरजी को हरी, नीली, पीली, केसरिया, लाल, गुलाबी रंग की प्राकृतिक गुलाल अर्पित कर विशेष श्रृंगार किया । भक्तों को गोविंद देवजी के रंग-रंगीले मनमोहक रूप के सुगम दर्शन हुए । रचना झांकी में ठाकुरजी के समक्ष सूती कपड़े पर श्रीकृष्ण लीलाओं की सुंदर झांकियां सजाई जा रही है ।

## श्रीराम महायज्ञ के लिए भूमि पूजन कर ध्वज स्थापित किया

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** शहर के श्री सीताराम बाबा बावड़ी आश्रम स्थित रामराजा सरकार के पाटोत्सव पर होने वाले नवकुण्डात्मक श्रीराम महायजज्ञ के लिए सोमवार को महामंडलेश्वर ओमकार दास महाराज व संत महात्माओं के सानिध्य में भूमि पूजन कर ध्वज स्थापित किया गया। समिति के अनिल मारवाल व उमाशंकर गोठवाल ने बताया कि सुबह 9 :15 बजे पंडित राजेश शर्मा ढ़ाणीवाले ने वेदमंत्रों के साथ भूमि पूजन करवाया। इस मौके पर रामजीलाल शर्मा, बृजेंद्र नयनकाजोशी, उमाशंकर गोठवाल, जगदीश कुमावत, विशंभर पारीक, पवन नांगलका जोशी, बजरंग सिंह, बाबूलाल सैनी, पवन शर्मा समेत शहर के गणमान्य जन उपस्थित रहे।







# दर्दनाक हादसा

## 4 गंभीर झुलसे, पॉलीथीन में ले जाने पड़े शव; मैनेजर हिरासत में, फैक्ट्री सीज



# राजस्थान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जले

भिवाड़ी।

राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पार्ट्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया। हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। फैक्ट्री को सीज कर दिया है।

तीन मृतकों की पहचान बिहार के मोतिहारी जिले के मिंटू, नितेश और सुजान के रूप में हुई है। अन्य मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजनों का डीएनए सैंपल लिया जाएगा।

इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं। घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने कहा- देखकर लग रहा है कि छोटा एक्सप्लोसिव मटेरियल था। गैस रिसाव नहीं था। एडीएम सुमिता मिश्रा के अनुसार, फैक्ट्री मालिक का नाम राजेंद्र है। उन्होंने किसी तिवारी को यह फैक्ट्री लीज पर दी थी। दोनों से संपर्क नहीं हो पाया है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-शादी से पहले फिजिकल रिलेशन समझ से परे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप के आरोपों से जुड़े एक मामले में शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप को लेकर हैरानी जताई। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि हम यह नहीं समझ पाते कि एक लड़का और लड़की शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा- हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों लेकिन जब तक शादी नहीं हो जाती तब तक लड़का और लड़की अजनबी होते हैं। उन्हें बहुत सावधान रहना चाहिए। किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना के साथ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। वहीं, व्यक्ति पर पहले से शादीशुदा होने और बाद में दूसरी महिला से शादी करने का आरोप भी है।

## पीएम मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन किया

### 300 से ज्यादा कंपनियां दिखा रहीं एडवांस गैजेट्स



नई दिल्ली।

भारत में आज 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। समिट के साथ-साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है।

## चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के 7 अधिकारी सस्पेंड किए

**नई दिल्ली/कोलकाता।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में 7 अधिकारियों को सस्पेंड किया है। सभी पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गंभीर लापरवाही, कर्तव्य की अनदेखी और वैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप है।आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को निलंबित अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने के निर्देश भी दिए। आयोग ने कहा है कि वोटर लिस्ट जुड़ा काम बहुत संवेदनशील है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या अधिकारों के दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक फ्रेम में दो-दो डोटासरा

### अपने डुप्लीकेट नरेश से मिले गोविंद डोटासरा

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** सोमवार को विधानसभा में एक फ्रेम में दो-दो डोटासरा नजर आए। यहां कांग्रेस पीसीसी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा लाडनूं निवासी अपने हमशक्ल नरेश सिंधी डुप्लीकेट डोटासरा से मिले। जहां मिठाई खिलाकर उसका स्वागत किया और उसके साथ तस्वीरें खिंचवाई।

**अपने डुप्लीकेट को कहा मेरा धर्म भाई**-पिछले एक सप्ताह से गोविंद सिंह डोटासरा के हमशक्ल के रूप में सोशल मीडिया पर वायरल हुए लाडनूं के नरेश को प्रदेश राजनीति के चर्चित नाम कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने सोमवार को विधानसभा जयपुर में बुलाकर स्वागत किया। डोटासरा ने कहा कि नरेश सोशल मीडिया के माध्यम से मिला यह मेरा धर्म का भाई है। जिंदगी भर भाईचारा निभाऊंगा। आगामी चुनावों में यह मेरे साथ प्रचार करेगा और फटकारे भी लगाएगा। इस दौरान डुप्लीकेट डोटासरा को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी दोनों को देखकर आश्चर्य करते नजर आए।


## स्पोर्ट्स जोन एकेडमी के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

सुरेन्द्र शर्मा




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बगड़ चौराहा स्थित स्पोर्ट्स जोन एकेडमी के होनहार खिलाड़ियों की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एकेडमी के डायरेक्टर एवं कोच राकेश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि एकेडमी के चार खिलाड़ियों ने स्कूली कराटे नेशनल प्रतियोगिता, पुणे में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों में सोनका सोमरा, वर्षा मान, आरती वर्मा एवं भविष्य शर्मा शामिल रहे। इसके अतिरिक्त मुस्कान भारद्वाज ने 41वीं ताइक्वांडो नेशनल प्रतियोगिता, हैदराबाद में भाग लेकर एकेडमी का नाम रोशन किया। समारोह में राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपभोक्ता आयोग के न्यायाधीश मनोज मील रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झुंझुनू जनसंपर्क कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह ने की। विशिष्ट अतिथियों में बगड़ नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद सिंह राठौड़, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, आरपीएस अंबिका चौधरी, झुंझुनू ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष मुरारी सैनी, जिला शिक्षा विभाग से खेल अधिकारी रणवीर सिंह, समाज कल्याण अधिकारी डॉ निखिल, सरला पाठशाला की संचालिका अनीता, जितेंद्र लंबा एवं नरेश शर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को घोड़ी पर बैठाकर भव्य रैली का उद्घाटन किया गया। रैली बगड़ मार्केट से निकाली गई, जहाँ जगह-जगह पुष्प वर्षा कर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सोनिया सैनी एवं अरविंद सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय सोमरा, सतीश महला, रणधीर जाखड़, अमित कुमार, हवा सिंह जाखड़, धर्मवीर सैनी, विजय सिंह लाखलान, माया भांभू, उजाला चौधरी, एकेडमी अकाउंटेंट पूनम कुमावत सहित कोच निखिल सैनी, अमित कुमार, रजनीकांत शर्मा, गुरुदयाल सैनी, शंकर नेटवाल, अंकित, नागेश जांगिड़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समारोह ने न केवल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा देने का कार्य भी किया।

## कोबरी-सार



# ज्यादा नमक खाने से स्ट्रोक, कैंसर, बीसी, का खतरा

## निरामय राजस्थान अभियान के तहत होगी थीम पर विभिन्न गतिविधियां

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग के निरामय राजस्थान अभियान के 12 माह की 12 संकल्प अवधारणा के तहत आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ अप्रैल 2025 को हुआ। एक वर्ष तक चलने वाले इस अभियान के तहत लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जा रहा है। फरवरी माह की थीम कम नमक, ज्यादा सेहत को लेकर सोमवार को निदेशालय स्तर से वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें ज्यादा नमक के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। साथ व्यस्कों के लिए प्रति दिन पांच ग्राम नमक का ही सेवन करना चाहिए। करीब एक छोटा चम्मच से ज्यादा नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। ज्यादा नमक का सेवन करने से हार्ट, किडनी, स्ट्रोक, कैंसर, बीसी, शरीर में सूजन आदि बीमारी होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि चिप्स, नमकीन, आचार में नमक बहुत ज्यादा होता है, इनका सेवन कम करना चाहिए। साथ ही नुडल्स, डिब्बा बंद भोजन में भी नमक ज्यादा होता है, इनका का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही खाने में उपर से नमक नहीं डालना चाहिए। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह ने सभी एएनएमए आशाए व सीएचओ को कम नमक, ज्यादा सेहत को लेकर आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निरामय राजस्थान अभियान के तहत 12 वर्ष के लिए 12 थीम निर्धारित की गई हैं। इसलिए फरवरी माह की थीम कम नमक, ज्यादा सेहत के प्रति लोगों को प्रेरित किया जाना है। पैकेट फुड्स का उपयोग नहीं करें, नमक के स्थान पर स्वाद बढाने के लिए नींबू, अदरक आदि भोजन में डाला जाना चाहिए। उन्होंने स्वस्थ आहार, स्वस्थ भोजन पर जोर देते हुए सभी अधिक नमक के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने तथा इससे होने वाली बीपीए स्ट्रोक, हार्ट अटैक आदि बीमारियों के बारे में बताए। उन्होंने जन जागरूकता के लिए सीएचओ को ओपीडी में आमजन से 15 से 20 मिनट तक स्वास्थ्य पर वार्ता करने, 30 साल से अधिक आयु के लोगों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए। वेबीनार में जिला मुख्यालय से एनटीसीपी के जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय शर्मा, जिला कार्यक्रम समन्वयक कमल गहलोत आदि शामिल हुए।

# अहिंसा से अधिकार थीम आधारित गतिविधियों का आयोजन 22 तक

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम 2025 को लेकर ग्रामीण स्तर पर जागरूकता का अभियान शुरू किया गया है। 8 मार्च तक चलने वाले इस 6 चरणीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नए कानूनी प्रावधानों, रोजगार गारंटी, पारदर्शी मजदूरी भुगतान और विकेन्द्रीकृत पंचायत प्लानिंग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कानूनी प्रावधानों और फायदों को जन–जन तक पहुंचाने और उनके अधिकारों से रूबरू कराने के लिए अहिंसा से अधिकार थीम आधारित गतिविधियाँ चौथे सप्ताह सोमवार से 22 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चन्द्र यादव ने बताया कि संवैधानिक मूल्यों से जुड़े रोजगार के अधिकारों की समझ, बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग का प्रदर्शन, समुदाय में गांधीजी के सकारात्मक उद्धरणों के साथ रोजगार अधिकार, जागरूकता यात्रा विद्यालयों में पेंटिंग एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। महात्मा गांधी और विकसित भारत के गाँवों की बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का प्रदर्शन, ग्रामीण नागरिकों के लिए पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अथवा सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जन–जागरूकता यात्रा में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के प्रावधानों को प्रदर्शित करती तख्तियां या बैनर का उपयोग किया जाकर आयोजित की जाएगी। जिसमें ग्राम सरपंच एवं पंच स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, श्रमिकों की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

# शराब बिक्री के समय में बढ़ोतरी आमजन पर भारी होगी

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान मध निषेध मोर्चा ने राज्य सरकर द्वारा शराब की दुकानों को खोलने की समय अवधि को बढ़ाकर रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक करने की घोषणा को गलत बताया है और कहा है कि इससे सड़क दुर्घटनाओ व अपराधों में भारी बढ़ोतरी होगी। प्रदेशाध्यक्ष चौधरी मामराज सिंह ने कहा कि सरकार को शराब बिक्री के समय को बढाने की बजाय तामिलनाडु की आबकारी नीति लागु करनी चाहिए ताकी अपराध भी कम होंगे और सरकार की आमदानी भी चार गुना तक बढ़ेगी। शहर अध्यक्ष मोहन बाजोर ने कहा कि आमजन के लिए चिकित्सा विभाग में हॉस्पिटल के ओपीडी समय को बढ़ाया जाना आवश्यक है, न की शराब बिक्री का समय। बाजोर ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से दुर्घटनाओ व अपराध का ग्राफ बढ़ेगा जो आमजन के लिए चिंता का विषय है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के चिरानी के सोमवार दोपहर को बाइक अनियंत्रित होकर फिसल जाने से सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक बाइक सवार घायल हो गया, जिसे हालत गंभीर होने पर झुंझुनू रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार टोडियावाला नेवरी उदयपुरवाटी निवासी राजेंद्र कुमार 29 पुत्र श्रीराम सैनी दोपहर करीब तीन बजे बाइक पर सवार होकर खेतड़ी की ओर आ रहा था। इस दौरान जब वह चिरानी के पास पंहुचा तो मोड़ पर बने ब्रेकर में बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क पर गिरने से घायल हो गया। इस दौरान हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा घायल राजेंद्र को सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी ड्राइवर की मदद से खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया। इस दौरान डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनूं रैफर कर दिया। घायल ने बताया कि वह अपने किसी काम से मेहाड़ा की ओर गया था । वापस आते समय हादसे का शिकार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि राजोता से निजामपुर तक सड़क का निर्माण कार्य हुआ है। चिरानी के पास खतरनाक मोड़ में संकेत व अचानक दिखाई नहीं देने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने खतरनाक मोड़ पर संकेतक लगाने की मांग की है। हादसे की सूचना पर घायल के परिजन भी अस्पताल में पंहुचे तथा घटना की जानकारी जुटाई।

# जनगणना राष्ट्रीय महत्व का विषय, प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से निभाए : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित डिजीटल जनगणना–2027 के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का अत्यंत गंभीर विषय है, इसलिए इससे जुड़े सभी अधिकारी अपने दायित्वों को भली–भांति समझें और उनका समुचित निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना नहीं रहनी चाहिए तथा सभी अधिकारी नियमित रूप से गतिविधियों की मॉनिटरिंग करते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। जिला कलक्टर ने कहा कि इस बार जनगणना का अधिकांश कार्य डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है। इसलिए प्रत्येक चरण के दौरान डाटा संबंधित कार्य पूरी स्पष्टता और सावधानी के साथ किया जाए। किसी प्रकार की समस्या तथा फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों के प्रभावी निस्तारण के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भविष्य की नीतियों, योजनाओं और संसाधन वितरण का आधार है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से निभाए। जनगणना के दौरान सेल्फ इनुमेरेशन, हाउसहोल्ड सर्वे, प्रगणकों के कार्यों, जनगणना अधिनियम सहित सभी बिन्दुओं के बारे में स्पष्टता रहे। अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना–2027 के सफल संचालन हेतु सभी अधिकारियों, कार्मिकों को पूर्ण निष्ठाए पारदर्शिता और दक्षता के साथ दायित्व संपादन की बात कही। सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ. रामगोपाल सेपट ने प्रशिक्षण एवं जनगणना की प्रक्रियाए प्रपत्रों की संरचना, डिजिटल मॉड्यूल तथा रिपोर्टिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जनगणना निदेशालय, जयपुर के सहायक निदेशक कल्पेश गुप्ता ने अधिकारियों को जनगणना हेतु प्रशिक्षण दिया।

# आधार सेवा केंद्रों पर नागरिकों को मिलें समयबद्ध एवं प्रभावी सेवाएं : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में जिले में संचालित आधार सेवा केंद्रों की समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि आधार सेवाएं प्रत्येक योजना का मूल बिन्दु हैं। इसलिए आधार सेवा केंद्रों पर नागरिकों को समयबद्ध एवं प्रभावी सेवाएं मिलें। उन्होंने कहा कि सभी आधार सेवा केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा वहां प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नए आधार नामांकन के दौरान आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ण जांच की जाए और सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं हो। इसी के साथ आधार केंद्र प्रभारियों के माध्यम से केंद्र पर आने वाले आमजन को नए आधार नामांकन, मोबाइल नंबर अपडेशन, पते में संशोधन, बायोमेट्रिक अपडेशन आदि उपलब्ध सेवाओं की पूरी जानकारी दी जाए। आमजन को आधार सेवाओं के संबंध में समुचित रूप से जागरूक किया जाए, ताकि उन्हें नामांकन, संशोधन एवं अपडेट प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष से अधिक पुराने आधार कार्ड धारकों को अपने डाटा अपडेट कराने के लिए समुचित जानकारी दी जाए। आधार सेवा केन्द्रों पर निर्धारित शुल्क सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशि वसूलने पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसी के साथ प्रत्येक ब्लॉक पर 10–10 सीईएलसी आधार सेंटर खोले जाएं। बैठक में आधार मशीनों के सुचारू होने, 10 वर्ष से पुराने आधार कार्डों में अपडेशन कार्य, बैंकों, स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में आधार सेवाएं सहित बिन्दुओं पर चर्चा की गई। संयुक्त निदेशक नरेश कुमार ने रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जिले में संचालित आधार केंद्रों की स्थिति एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीडीईओ संतोष कुमार महर्षि, आईसीडीएस डीडी नरेंद्र शेखावत, एसीपी पुष्पा, प्रोग्रामर राजेंद्र प्रजापत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुगाला गौशाला की आय-व्यय का वार्षिक ब्यौरा पेश किया



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** पंडित गणेश नारायण नेतभोमिया सुरभि गोशाला के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया के निज निवास स्थान पर हुई। जिसमें लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह बुगालिया ने आय.व्यय का विस्तृत ब्यौरा सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया गया। गोशाला की पारदर्शी कार्यप्रणाली पर जोर देते हुए अब तक प्राप्त दान, सहयोग राशि तथा व्यय का लेखा–जोखा सदस्यों के समक्ष रखा गया। समिति ने बताया कि गोशाला को वर्ष के दौरान गोभक्तों से नकद व वस्तु रूप में सहयोग मिला, जिसका उपयोग गोवंश के चारे, दवाइयों, रखरखाव, बिजली–पानी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर किया गया। आय–व्यय विवरण में प्रत्येक मद का स्पष्ट उल्लेख किया गया, जिससे उपस्थित लोगों ने संतोष व्यक्त किया। बैठक में समिति पदाधिकारियों ने भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। गोशाला के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा पशु–चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने का प्रस्ताव रखा गया। ग्रामीणों ने गोसेवा के लिए समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। अंत में समिति ने सभी दानदाताओं व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि आगे भी गोशाला की सभी गतिविधियों में पारदर्शिता बनाए रखी जाएगी।

# खाखी बाबा के वार्षिक मेले पर निकाली शोभायात्रा



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के डाडा फतेहपुरा में सोमवार शाम को खाखी बाबा के वार्षिक मेले पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से जगह–जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भक्त बाबुलाल गुप्ता ने बताया कि डाडा गांव की पहाड़ी पर बना खाखी जी महाराज का मंदिर क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। खाखी बाबा सेवा संघ हैदराबाद की ओर से हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। मेला लगने से पूर्व फतेहपुरा से लेकर मंदिर परिसर तक बाबा की खडाऊ को पालकी में रखकर शोभायात्रा निकाली जाती है। फतेहपुरा के खाखी भवन से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया जो विभिन्न मार्गो से होते हुए पहाड़ी स्थित बाबा के मंदिर परिसर में पंहुची, जहां शोभायात्रा का समापन समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होने से प्रत्येक व्यक्ति को सनातन धर्म संस्कृति की जानकारी उपलब्ध हो पाती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों में सर्व समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शामिल होकर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। मंदिर में बाबा की ज्योत के साथ मेले का आगाज होगा। मेले में मंदिर कमेटी की ओर से कुश्ती दंगल का भी आयोजन करवाया जाएगा। इस दौरान दुर दराज से आकर दंगल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बाबा के वार्षिक मेले को लेकर मंदिर को भव्य रूप में सजाया गया है। मेले में आस पास के गांवों के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी लोग बच्चों के जात जड़ूले की धोक लगाने के लिए आते है। मेले में बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर मेला कमेटी की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं शोभायात्रा का जगह–जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर नंदकिशोर अग्रवाल, किशनलाल, गोपीराम, पवन सिंह निर्वाण, चतुर्भुज सिंह, संदीप कुमार, बद्री प्रसाद, राहुल सिंह निर्वाण डाडा, मानवेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, हरपाल सिंह, अजीत सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# रेलमंत्री को लिखो पोस्ट कार्ड अभियान को मिला लोकतंत्र सेनानी व भामाशाह राणासरिया के परिवार की तीन पीढ़ियों का समर्थन

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा संचालित झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के तहत चल रहे रेलमंत्री को लिखो पोस्ट कार्ड कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को झुंझुनूं शहर के विख्यात लोकतंत्र सेनानी एवं भामाशाह पुरुषोत्तम लाल राणासरिया के पीरवार की तीन पीढ़ियों का समर्थन मिला। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने सोमवार सुबह जब मोदियों की जाव स्थित राणासरिया के घर पर दस्तक दी तो अग्रवाल को देखकर घर के सभी सदस्य प्रफुल्लित हो गए और आत्मिय ढंग से स्वागत एवं सम्मान किया। सभी ने अभियान के प्रयासों की सराहना की। पुरुषोत्तम लाल राणासरिया, उनकी धर्मपत्नी मुनिया देवी, पुत्र अनिल राणासरिया, पुत्रवधु सपना राणासरिया एवं सुपौत्र विख्यात क्रिकेटर यश राणासरिया ने झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन अभियान के समर्थन में रेलमंत्री को पोस्ट कार्ड लिखे और जिले के लोगों इस अभियान में साथ देने की अपील की। समिति अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के अन्तर्गत जिले के झुंझुनूं शहर, सूरजगढ़, खेतड़ी, सिंघाना, जसरापुर, चनाना, चिड़ावा, सुलताना, पिलानी, मण्ड्रेला, बगड़, मलसीसर, बिसाऊ, मंडावा, नूआं, मुकुन्दगढ़, नवलगढ़, गुढ़ा, उदयपुरवाटी आदि स्थानों के लोगों द्वारा अभी तक हजारों पोस्ट कार्ड रेल मंत्री को भेजे जा चुके हैं।

# लीगल काउंसलर राठौड़ ने लगाए उप जिला अस्पताल पर लापरवाही के आरोप

निसं




**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय पुलिस स्टेशन की लीगल काउंसलर एडवोकेट रितु सिंह राठौड़ ने सरदारशहर के ताल मैदान में स्थित उप जिला अस्पताल पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी की शाम उनकी स्कूटी का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उनके हाथ और गर्दन में चोट आई। हाथ में लगी चोट से लगातार खून बह रहा था और खून नहीं रुकने की स्थिति में वे उपचार के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचीं। एडवोकेट रितु सिंह राठौड़ के अनुसार अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मौजूद स्टाफ ने मरीज को देखे बिना और चोट की गंभीरता पर ध्यान दिए बिना ही यह कह दिया कि यह उनका काम नहीं है और उन्हें अगले दिन ओपीडी में आने की सलाह दे दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने इमरजेंसी स्टाफ से बार–बार आग्रह किया कि उनके हाथ से खून लगातार बह रहा है और गर्दन पर भी चोट लगी है लेकिन इसके बावजूद स्टाफ ने पूरी तरह लापरवाही बरतते हुए उन्हें नजरअंदाज कर दिया। इस व्यवहार से वे मानसिक रूप से भी आहत हुई। एडवोकेट राठौड़ ने कहा कि यदि एक वकील के साथ सरकारी अस्पताल में ऐसा व्यवहार किया जा सकता है तो आम जनता के साथ किस तरह का रवैया अपनाया जाता होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर चूक बताया। मामले को लेकर एडवोकेट रितु सिंह राठौड़ ने सरकारी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात संबंधित स्टाफ के खिलाफ शीघ्र जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में किसी भी मरीज के साथ इस तरह की लापरवाही न हो।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस 18 को

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार 18 फरवरी को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवीए सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। इस दिन पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे।

# होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित

निसं



**लक्ष्मणगढ़ ( नवयत्न )।** शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशनए चूरू एवं विशाल सिंहजी शेखावत निहाल कंवर सा मेमोरियल ट्रस्ट रजि कुमास/चूरू के तत्वावधान में लक्ष्मणगढ़ सीकर स्थित श्रद्धानाथ आश्रम में ब्रह्मलीन सिद्ध संत श्रद्धानाथ जी महाराज की पुण्य स्मृति में पीठाधीश्वर संत पद्मश्री बैजनाथ जी महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में स्थानीय तथा सुदूर से आए रोगियों को नि:शुल्क परामर्श एवं दवा प्रदान की गई। कुल 210 रूग्ण मानव की इस शिविर में सेवा की गई। आश्रम के युवा संत प्रकाशनाथ जी के अनुसार हमेशा की भांति शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ. बीएल गौड़, डॉ. राजपाल मायल, डॉ. कौशल, डॉ. डी दास, डॉ. हर्षवर्द्धन शेखावत, विजय कुमार गोस्वामी एवं उनकी टीम ने अपनी नि:शुल्क सेवाएं दी। चिकित्सा शिविर प्रभारी एवं एसोसिएशन तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमरसिंह शेखावत ने बताया कि पथरी, गठिया, चर्म रोग, प्रोस्टेट, पाईल्स, फीसर, फिस्चुला, नासूर, सोराएसिस, सफेद दाग, बच्चेदानी की गांठ, ट्यूमर सहित महिलाओं की बीमारियों तथा मस्से के रोगियों की संख्या अधिक रही। प्रारंभ में श्रद्धानाथ जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व आर.ए.एस. सज्जन सिंह चिड़ासरा एवं डॉ. शेखावत ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आश्रम के युवा संत प्रकाशनाथ जी की अगुवाई में आश्रम के विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने शिवजी की महिमा व भक्ति संगीत से वातावरण को धर्ममय बना दिया।

# शिविर में 81 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** स्व. सुनील कुमार एवं स्व. महावीर प्रसाद कुमावत की पुण्यतिथि पर काजड़ा स्थित रतनलाल काजड़िया राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत काजड़ा, जीवन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट, सिटी हॉस्पिटल सूरजगढ़ व आरके एल्युमिनियम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 81 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप निदेशक व ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेंद्र धनखड़, प्रशासक मंजू तंवर, डॉ. ज्योति, प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत सिंह तंवर, एडवोकेट प्रदीप मान, उपाध्यक्ष सज्जन वर्मा, ओमप्रकाश कौशिक, सज्जन सैनी, रामवतार कुल्हार, राजकुमार कुल्हरी, मोहनलाल, विद्याधर सैनी, विकास कुमार, गिरधारी लाल फौजी, विनोद सोनी, जय सिंह कटारिया, सिलोचना, निर्मला, विकास चौधरी, सौरव, गौरव, सुरेंद्र यादव, उमेद सिंह, प्रवीण, सुरेंद्र, मनोज, पवन सिंह शेखावत, बसंतलाल, चंद्रभान, दरिया सिंह डीके, संजय सैन, मनोज सैन सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हिंदू सम्मेलन आयोजित



निसं

**कांवट ( नवयत्न )।** खंडेला खंड के भादवाड़ी मंडल में हिंदू सम्मेलन का संत बनवारीदासजी की अध्यक्षता व मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि देवनारायण भक्त बनवारीलालजी गुर्जर के आतिथ्य में बालाजी चोक पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में जय श्री राम के उद्घोष के साथ मुख्य मार्ग से शोभायात्रा का आयोजन किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता दिलीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज में एकता और समरसता का वातावरण बन रहा है। उन्होंने पांच परिवर्तन पर प्रभावी संबोधन व विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि हमे परिवार की संरचना को मजबूत करने की आवश्यकता है। उपभोक्तावादी संस्कृति के कारण हमारे परिवार टूट रहे हैं। परिवार का टूटना समाज और राष्ट्र समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है। हमारी सनातन संस्कृति का मूल आधार पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, कुटमप्रबोधन, सामाजिक समरसता को बनाए रखना है। अस्तल धाम संत बनवारीदासजी ने आशीर्वचन देते हुए जय श्री राम घोष के साथ कहा कि आधुनिकता के जोर में हमारा सनातन धर्म धीरे धीरे कमजोर होता जा रहा है। हमें अपनी संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए तथा मूल भावना को अपनाया जाए। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए समाज सेवी मूलचंद कुमावत ने कहा कि हमें आज के प्रेरणा स्त्रोत विचारों को आत्मसात कर जीवनशैली में उत्तारना होगा। सम्मेलन में संत संबोधन, अतिथि संदेश, हमारी सनातनी संस्कृति प्रेरणा उद्बोधन के साथ संत सम्मान, गौ रक्षकों का सम्मान, पर्यावरण संरक्षणो, सामाजिक सेवा कार्यों, विशेष योग्यजनो, हिन्दूत्व संस्कृति को बढ़ावा देने व सेवा से जुड़े हुए गणमान्य लोगों ग्रुपों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में गांव के गणमान्य नागरिकों सहित आयोजक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिकायतों के समाधान में सुनिश्चित हो परिवादियों की संतुष्टि व गुणवत्ता : सुराणा

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, विभागीय योजनाओं, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों तथा आवश्यक सेवाओं की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सभी नगर निकाय अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी निराश्रित गोवंश प्रबंधन हेतु आपसी समन्वय से कार्य करें। विभागीय समन्वय से निराश्रित गोवंश को अनुदानित गौशालाओं में भिजवाया जाए। इसी के साथ नगरनिकाय अधिकारी स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु आवश्यक प्रबंधन व तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में पावर ग्रिड परियोजना के कार्यों एवं भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपखंड अधिकारियों से कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण करें तथा किसी प्रकार का विवाद नहीं रहे। उन्होंने सभी तहसीलों में पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ गिरदावरी कार्य पूर्ण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य बजट 2026-27 में जिले के लिए की गई घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भूमि आवंटन एवं आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज व परिवादियों की असंतुष्टि के कारण लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित एवं असंतुष्ट प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता एवं परिवादियों की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय कार्यालयों में संचालित आईपी फोन दुरुस्त एवं एक्टिव मोड में रहें। राजकीय कार्यों के दौरान उनका नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। डीओआईटी की टीम उनके प्रबंधन हेतु तकनीकी सहयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर इन्टरप्रेन्योर एवं स्टार्टअप कैंप के दौरान अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर उन्हें स्वरोजगार एवं नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। सुराणा ने एसजेईडीए नगरनिकाय व विकास अधिकारियों को समुचित समन्वय से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं पालनहार योजना के लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजगढ़ एसडीएम को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 के लिए निर्धारित पैरामीटर पर मॉनीटरिंग करने और अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ईआरओ को एसआईआर-2026 को लेकर मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से संपादित करने की बात कही। जिला कलक्टर ने एनएफएसएए पीएम कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, आरडीएसएसएसए लाडो प्रोत्साहन योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं, अटल ज्ञान केन्द्र, ओपन जिम, गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक योजना, पीएम सूर्यघर योजना, कस्टम हायरिंग सेंटर, पंच गौरव योजना सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने मानसून-2025 के दौरान क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत कार्य व पूर्ण कार्यों में बिल भुगतान की समीक्षा कर समुचित निर्देश दिए।

सीईओ श्वेता कोचर ने राजकीय भवनों की छतों पर सोलर प्लांट कार्य की समीक्षा की। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

## दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर के वार्ड संख्या 27 की रहने वाली निशा पुत्री बंशीधर प्रजापत ने रिपोर्ट दी कि उसकी शादी 30 जनवरी 2024 को सुजानगढ़ निवासी विशाल प्रजापत के साथ हुई थी। उसकी शादी में उसके पिता ने अपने हैसियत से बढ़कर दहेज दिया था, लेकिन शादी के बाद से ससुरालजन दहेज की ओर मांग करने लगे तथा पति विशाल, सास मैना देवी, दाद सास सुरजीदेवी, ससुर शांतिलाल, जेठ विकास, जेठानी सुमित्रा, देवर गौतम व कालूराम ने क्रूरता पूर्ण व्यवहार किया। उनसे काफी समझाइश कीए लेकिन वे हरकतों से बाज नहीं आए। 19 मई 2024 को विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से कम दहेज लाने का ताना देते हुए निकाल दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## लाखन को बनाया शहर अध्यक्ष

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी एससी विभाग की प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश बैरवा ने सुजानगढ़ के बंटी लाखन को सुजानगढ़ शहर अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसी प्रकर राज कताला को देहात अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दोनों को संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## आयुष्मान ग्राम योजना एवं मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत बैठक आयोजित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में आयुर्वेद विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान ग्राम योजना एवं मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत सोमवार को सुजानगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। सुजानगढ़ एसडीएम वर्मा ने योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्विति हेतु सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कानूता के डॉ बृजमोहन शर्मा तथा कम्पाउंडर गिरधारी राम ने आयुष्मान ग्राम योजना के अंतर्गत ग्राम स्तर पर प्राप्त होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामों को तंबाकू मुक्त बनाने, बच्चों में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने, निम्न रक्त की जांच, एएनसी जांच, टीबी मुक्त अभियान तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बैठक में कानूता ग्राम को सुजानगढ़ ब्लॉक में आयुष्मान ग्राम योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रगति हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए गए।

# रोडवेज कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी डिपो आगार परिसर में सोमवार को राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया तथा उनकी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष बहादुर सिंह ने बताया कि राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठन पिछले काफी समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश सरकार को बार-बार अवगत करवा रहे हैं, लेकिन सरकार कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। जिसको लेकर राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठन द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। खेतड़ी आगार में रिटायर्ड एसोसिएशन व श्रमिक संगठनों द्वारा दो दिवसीय दिन रात का धरना शुरू किया है रोडवेज कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सरकार व निगम को कई बार हुई बैठकों में समाधान की मांग कर चुके हैं, लेकिन समाधान की बजाय सरकार रोडवेज पर दमनकारी नीतियों का प्रयास कर रही है। उन्होंने ने बताया कि यदि सरकार लंबे समय से आंदोलन कर रहे रोडवेज कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी मांगों का समाधान नहीं करती है तो कर्मचारी संगठनों की मांगों का समाधान नहीं होने पर आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर छाजुराम, पवन कुमार, हरिशंकर, शिंभूदयाल, करतार सिंह, नरेश कुमार, मातादीन, जगदीश सैनी, जयपाल सिंह, सुभाषचंद्र, शेर सिंह धायल, हरपाल सिंह, मदनलाल, लीलाधर, राजेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गत रात को करीब 9 बजे सुजानगढ़ छापर रेलवे ट्रेक पर सम्राट होटल रेलवे क्रासिंग के पास मालगा?ी की चपेट मे आने से एक युवक की मृत्यु हो गयी। सुजानगढ़ आरपीएफ चौकी के एएसआई रविंद्र सिंह श्योराण की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार एम्बुलेंस चालक विनोद सैन के साथ मौड़ पर पहुंचे तथा शव को सुजानगढ़ अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया। उसके बाद जीआरपी थाना रतनग? को सूचित किया। मृतक की पहचान विमल पुत्र कुंदन मल भार्गव उम्र 33 वर्ष, निवासी वार्ड 24 हरिराम जी के मंदिर के पासए नाथोतालाब, सुजानगढ़ के रुप मे हुई।



सोमवार सुबह जीआरपी रतनग? से एएसआई रामनिवास सुजानगढ़ अस्पताल पहुंचे तथा परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की रिपोर्ट के अनुसार मृतक का मानसिक संतुलन सही नहीं था तथा शराब का नशा करता था। जो शनिवार रात को सम्राट होटल रेलवे क्रासिंग के पास मालगा?ी की चपेट में आ गया।

## हिन्दू सम्मेलन : एकता, समरसता, संस्कार एवं धर्म जागरण का संदेश

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजपुरा गांव में सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम से पूर्व गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में बढ़.चढ़कर भाग लिया और पूरे गांव में धार्मिक माहौल बना रहा। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। सम्मेलन में शामिल होने के लिए निकटवर्ती सात्यूँ गांव से युवाओं एवं ग्रामीणों की बाइक रैली राजपुरा पहुंची, जिसका ग्रामीणों ने स्वागत किया। इसके साथ ही आसपास के अनेक गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला-पुरुष एवं युवा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, जिससे आयोजन क्षेत्रीय स्तर का विशाल जनसमागम बन गया और पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। सम्मेलन में उपस्थित वक्ताओं ने समाज में एकता, समरसता, संस्कार एवं धर्म जागरण का संदेश देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने एवं युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

उन्होंने महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान शिव के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

## महिला थाना खोलने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने राजस्थान पुलिस के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के नाम एक ज्ञापन सौंपकर सुजानगढ़ में महिला थाना स्थापित करने की मांग की है। उपखंड अधिकारी के मार्फत भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ में महिला सुरक्षा की दृष्टि से महिला थाने की स्थापना अति आवश्यक है। अत: यहां पर महिला थाना खोला जावे।

## धूमधाम से हुआ शिव शक्ति मेले का आयोजन



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत पिलोद में सोमवार को धूमधाम से शिव शक्ति मेले का आयोजन किया गया। रविवार रात्रि को मेले में हरियाणा के प्रसिद्ध गायक कलाकारों वीरपाल खरकिया एंड पार्टी द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। मेले में आस-पास के गांवों से पधारे श्रद्धालुओं ने मंदिर में धोक लगाई वहीं महिलाओं व बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी की। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में कुश्ती दंगल, वालीबॉल, व 100, 400 व 1600 सौ मीटर दौड़ आयोजित हुई में कुश्ती दंगल में आस पास के पहलवानों सहित हरियाणा के पहलवानों ने दमखम दिखाया। खेल प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक इनाम वितरित किए गये।



## संकीर्तन आज, निशान पदयात्रा कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** श्री श्याम मंदिर सत्संग समिति के तत्वावधान में फाल्गुन माह में परंपरागत रूप से निकलने वाली निशान पदयात्रा 18 फरवरी को सुबह 8:15 बजे श्री श्याम मंदिर, चिरंजी पनवाड़ी की गली से गाजे बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई खाटू के लिये प्रस्थान करेगी। समिति द्वारा आयोजित इस 56 वीं निशान पदयात्रा कार्यक्रमों की जानकारी देते हुये समिति के अध्यक्ष शम्भू दयाल मोदी एवं मंत्री पुरूषोतम शर्मा पांड्या ने बताया कि निशान पदयात्रा से पूर्व 17 फरवरी मंगलवार को श्याम मंदिर चिरंजी पनवाड़ी की गली मे भव्य संकीर्तन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें अतिथि कलाकार कुमार विजेंद्र नई दिल्ली सहित स्थानीय कलाकार भजनो की प्रस्तुतियां देगें। 18 फरवरी को मंदिर परिसर मे महाराज पंडित नरेश जोशी के सानिध्य में निशान पूजन के बाद पदयात्रा खाटू के लिए प्रस्थान करेगी। निशान पदयात्रियों के सेवार्थ प्रथम विश्राम तनेजा फार्म हाउस तथा रात्रि विश्राम पलसाना रेलवे स्टेशन स्थित धर्मशाला में रहेगा जहां भोजन प्रसादी के बाद कीर्तन होगा। 19 फरवरी बुधवार को सुबह निशान पदयात्रा रवाना होगी। मार्ग में सांवलपुरा बालाजी मंदिर में विश्राम के बाद गौशाला परिसर में कांकड़ की ज्योत लेकर पदयात्री खाटू पहुंच कर श्याम बाबा को निशान अर्पित कर मनौतियां मांगेंगे। सभी निशान पदयात्रियों के लिए खाटू स्थित सीकर धर्मशाला मे भोजन प्रसादी, विश्राम के पश्चात सीकर के लिये बस की सुविधा रहेगी। समिति की और से सभी श्याम भक्तों सहित शहर के गणमान्य जनो से इस धार्मिक कार्यक्रमों मे भाग लेने का आग्रह किया है। निशान पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन: श्री श्याम मंदिर सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाली निशान पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन धर्म गुरू सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा ने किया।

## भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कल से

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नंबर 7 बाबरियों की बाड़ी में 18 से 24 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा आयोजक सीताराम बाबरिया ने बताया कि भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व सुबह कस्बे में गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद नंदनवन गौशाला गड़ियाला फांटा कोलायत के कथावाचक संत सुखदेव जी महाराज कथा का वाचन करेंगे। कथा समापन पर 24 फरवरी रात्रि को सवा 8 बजे जागरण का आयोजन किया जाएगा जिसमें महावीर प्रसाद यादव एंड पार्टी बालिया के गायक कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## खेजड़ियों की अवैध कटाई और ओरण भूमि को लेकर ज्ञापन सौंपा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अखिल भारतीय मानवाधिकार निगरानी समिति के जिला अध्यक्ष गोविन्दप्रसाद सोनी व सन्तलाल भारी, जिला सलाहकार के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदया, भारत सरकार, नई दिल्ली के नाम राजस्थान में खेजड़ियों की अवैध कटाई और ओरण भूमि पर अतिक्रमण के सम्बन्ध में खेजड़ी संरक्षण पर कानून बनाने हेतु ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी मिथलेश कुमार को दिया। ज्ञापन में उल्लेख किया कि खेजड़ी वृक्षों के संरक्षण एवं रक्षार्थ सशक्त कानून बनाए जाने की मांग को लेकर बिश्नोई समाज एवं सर्वसमाज के पर्यावरण प्रेमियों द्वारा संभाग मुख्यालय बीकानेर में श्खेजड़ी बचाओ महापड़ाव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आन्दोलन का अखिल भारतीय मानवाधिकार निगरानी समिति, चूरू राजस्थान ने भी समर्थन करते हुए निर्णय लिया है कि समय रहते हुए अगर सरकार ने कानून प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया तो मानवाधिकार समिति भी पूरे राजस्थान के सारे जिलाए एवं तहसील मुख्यालयों पर जल्द आन्दोलन करने का निर्णय लिया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि राज्यपाल राजस्थान सरकार, जयपुर व जिला कलेक्टरए चुरु को भी प्रेषित किया।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करें

निसं



**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग के पलसाना ब्लॉक की मासिक ब्लॉक स्तरीय बैठक सोमवार को जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एएनसी पंजीकरण, एएनसी की जांच, टीकाकरण, प्रसव, लाडो प्रोत्साहन योजना, एनसीडी स्क्रीनिंग, परिवार कल्याण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को निस्तारण, शक्ति दिवस के आयोजन सहित सभी विभागीय योजनाओं कार्यक्रमों व गतिविधियों की सेक्टरवार समीक्षा की गई। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने एएनसी पंजीकरण, टीकाकरण, एएनसी जांच सहित अन्य योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों में कम उपलब्धि वाले सभी सैक्टर प्रभारी अधिकारियों को लक्ष्य के अनुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉकवार आंवटित किए गए लक्ष्य की जानकारी देते हुए अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं व सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर दिया। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने तक गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश देत हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरसीएचओ डॉ विशाल सिंह ने कम उपलब्धि सैक्टर व सब सेंटर की एएनएम से कारण पूछते हुए स्थिति में सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लॉक के सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# यमुना जल समझौता लागू करने की मांग को लेकर दिया धरना

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** यमुना जल समझौते को लागू कर सिंचाई एवं पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा झुंझुनू के तत्वावधान विधायक कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया साथ ही मुख्यमंत्री के नाम डॉ. आदित्य गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के मार्फत कार्यकर्ताओं ने अवगत करवाया कि वर्ष 1994 में हुए यमुना जल समझौते के तहत क्षेत्र को सिंचाई और पीने के पानी की आपूर्ति का प्रावधान किया गया था, लेकिन आज तक यह योजना धरातल पर साकार नहीं हो सकी है। किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले 26 महीनों से नहर सत्याग्रह आंदोलन चलाया जा रहा है और इसी क्रम में प्रत्येक माह की 16 तारीख को जनप्रतिनिधियों के निवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जा रहे हैं। धरना प्रदर्शन करने वालो ने कहा कि समय रहते यमुना जल क्षेत्र में नहीं पहुंचा तो किसानों व आमजन को पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि यमुना जल समझौते को तत्काल प्रभाव से लागू कर शेखावाटी क्षेत्र को राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन देने वालों में बजरंग बरालाए मदन सिंह यादव, रणधीर सिंह ओला, राजेंद्र सिंह चाहर, देवकीनंदन सहित कई किसान मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# एआई शिखर समिट

### भविष्य पर केंद्रित एक व्यापक सम्मेलन




नई दिल्ली में शुरू हो रहे एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन की महत्ता केवल इसलिए नहीं है कि यह एक पांच दिवसीय वैश्विक आयोजन है। इसका महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसमें 15 से अधिक देशों के शासनाध्यक्षों के साथ 50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं। विश्व भर के एआई विशेषज्ञ एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी इस सम्मेलन के आकर्षण को और बढ़ा रही है।

इस आयोजन के प्रति दिलचस्पी को इससे समझा जा सकता है कि दो लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। एक तरह से यह सम्मेलन जी 20 शिखर सम्मेलन से भी अधिक प्रभावशाली एवं विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचने वाला हो सकता है। चूंकि यह भविष्य पर केंद्रित एक व्यापक सम्मेलन है, इसलिए यह आशा की जाती है कि इसके जरिये एआई को एक जिम्मेदार, टिकाऊ और समावेशी तकनीक के रूप में विकसित एवं विस्तारित करने पर सहमति बनेगी। ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि विश्व भर में एआई का प्रभाव और उसका बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जीवन के हर क्षेत्र में एआई का प्रभाव बढ़ता हुआ दिख रहा है। यह सर्वथा उचित है कि इस सम्मेलन में एआई की चुनौतियों से निपटने पर भी विचार-विमर्श होगा, लेकिन बात तब बनेगी जब उससे निपटने के किसी प्रभावी तंत्र पर सहमति भी बनेगी।

यह सहमति इसलिए आवश्यक है, क्योंकि फिलहाल एआई पर चंद बड़े राष्ट्रों का ही वर्चस्व कायम है। यदि इस तकनीक का प्रसार अविकसित एवं निर्धन देशों तक नहीं पहुंचता तो इससे दुनिया में विषमता और अधिक बढ़ेगी ही। एआई का उपयोग समावेशी, नैतिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो, इसके लिए मेजबान भारत के साथ-साथ सभी देशों को प्रयत्न करने होंगे।

तकनीक के संदर्भ में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि प्रत्येक तकनीकी विकास अपने साथ कुछ विसंगतियां एवं खतरे भी लाता है। एआई के साथ तो ऐसा कुछ अधिक ही है। इसके दुरुपयोग के मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। नि:संदेह एआई विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही है, लेकिन उसका दुरुपयोग जिस तरह बढ़ रहा है, उससे उपयोगकर्ताओं के बीच उसके प्रति विश्वसनीयता और भरोसे का संकट पैदा हो रहा है।

यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि एआई का दुरुपयोग रोकने की जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों पर डाली जाए और इसके लिए उन्हें जवाबदेह भी बनाया जाए। एआई अपने साथ जो चुनौतियां लेकर आई है, उनमें एक यह भी है कि उसके कारण कई परंपरागत नौकरियां खत्म हो रही हैं।

नि:संदेह यह तकनीक परंपरागत नौकरियों को खत्म करने के साथ नई नौकरियां का सृजन भी कर रही है। एक तरह से एआई चुनौतियों के साथ अवसर भी है। भारत को इस अवसर को भुनाने के लिए अपने लोगों को एआई के उपयोग के प्रति सक्षम बनाने के लिए और अधिक सक्रियता दिखानी होगी।

## विशेष आलेख

# विचार: व्यापार समझौतों से आगे की चुनौतियां, आकर्षक दरों पर अच्छी गुणवत्ता वाला माल बनाना प्राथमिकता



दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जो व्यापार के बिना केवल आत्मनिर्भरता के बल पर आर्थिक महाशक्ति बना हो। आर्थिक इतिहासकार एंगस मैडिसन के अनुसार भारत भी व्यापार के बल पर आर्थिक महाशक्ति बना था। उसकी अर्थव्यवस्था विश्व की अर्थव्यवस्था के एक चौथाई से अधिक हो गई थी जिसके बल पर वह सोने की चिड़िया कहलाता था। आधुनिक युग में ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक हर देश व्यापार के बल पर ही आर्थिक महाशक्ति बना है और अब चीन भी उसी राह पर है। उसने अमेरिका और यूरोप की मंडियों में धाक जमाने के बाद संरक्षणवाद की दीवारें खड़ी होने से पहले ही व्यापार समझौतों के द्वारा अपने माल के लिए नई मंडियां खोलना शुरू कर दिया था। चार साल पहले हुआ आरसीईपी या व्यापक क्षेत्रीय आर्थिक साझेदारी समझौता उसकी ही एक कड़ी थी, जिसमें चीन और जापान से लेकर न्यूजीलैंड तक फैले 15 देश शामिल थे।

मुक्त व्यापार समझौते आपसी व्यापार को बढ़ाने और आर्थिक महाशक्ति बनने की राह खोलते हैं। भारत ने भी यूरोप के साथ समझौता करके और अमेरिका के साथ उसकी रूपरेखा तय करके ऐसी ही राह खोली है। अमेरिका और यूरोप से पहले वह आसियान, जापान, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, ओमान, मॉरीशस और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के चार सदस्य देशों से व्यापार समझौते कर चुका है।

खाड़ी सहयोग परिषद के साथ व्यापार समझौते से जुड़ी वार्ताएं चल रही हैं। इन सबके पूरा होने पर दुनिया की 60 प्रतिशत से अधिक जीडीपी के बाजार भारत के लिए खुल जाएंगे। अर्थव्यवस्था को 40 वर्षों तक संरक्षणवाद की दीवारों में कैद कर दिवालिया कर लेने वाले देश के लिए यह परिवर्तन कायाकल्प से कम नहीं है। यह भी सच है कि व्यापार समझौते और बड़ी-बड़ी मंडियों में प्रवेश पाने भर से भी कोई देश व्यापारिक और आर्थिक महाशक्ति नहीं बन सकता। उसके लिए आकर्षक दरों पर अच्छी गुणवत्ता वाला माल बनाना और बेचना पड़ता है। लाइसेंस राज और बाबूशाही के शिकंजे खोलकर उद्योग लगाना सुगम बनाना पड़ता है। सरकारी और निजी क्षेत्रों में शोध, विकास और नवाचार बढ़ाने के साथ-साथ उन क्षेत्रों को बढ़ावा देना होता है, जिनमें देश दूसरों से आगे हो।

पूंजी को सुलभ बनाना और बुनियादी सुविधाओं को सुधारना होता है। इन्हीं उपायों से चीन ने ट्रंप की टैरिफ जंग में भी अपना व्यापार बढ़ाकर भारत की जीडीपी से डेढ़ गुना कर लिया है। आज विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी मात्र 3.5 प्रतिशत है जबकि चीन की लगभग 14 प्रतिशत। अपने स्वर्णिम युग के दिनों में विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत के आसपास थी।

बीते दिनों ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर की चीन यात्रा के दौरान एक ब्रिटिश साइकिल निर्माता से पूछा गया कि चीन और अमेरिका में कहां कारोबार करना अधिक सुगम है? उसने तपाक से जवाब दिया चीन में, जहां कुछ ही हफ्तों के भीतर कारोबार संभव है और व्यापार नीति को लेकर भी निश्चिंतता रहती है। भारत को भी बड़े पैमाने पर विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए कारोबारियों में इसी तरह का भरोसा पैदा करना होगा।

केंद्र के साथ राज्यों की सक्रिय और सकारात्मक भागीदारी के बिना यह संभव नहीं होगा, क्योंकि उद्योगों को पूंजी के अलावा जमीन, कर्मचारी, बिजली और बुनियादी ढांचे की जरूरत होती है, जो राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं जो निवेश आकर्षित करने लिए एक-दूसरे से होड़ करने के बजाय दिक्कतें खड़ी करने में लगे रहते हैं।

अन्यथा क्या कारण है कि तमिलनाडु का शहर तिरुपुर परिधान उद्योग का नया मैनचेस्टर बन सकता है, मगर कोलकाता और कानपुर वस्त्र उद्योग में अपने खोई चमक को फिर से हासिल नहीं कर पाते? बंगाल की आबादी वियतनाम के बराबर है, मगर जीडीपी उससे आधी है। बिहार की आबादी वियतनाम से सवा गुनी है और जीडीपी एक चौथाई है। विकास की दौड़ में यदि आप 20 साल लंबी लड़ाई से तबाह हुए देश की बराबरी भी नहीं कर सकते तो फिर क्या करेंगे?

व्यापार समझौते कर भारत ने अमेरिका, यूरोप, जापान और रूस जैसी विश्व की अमीर मंडियों के द्वार तो खुलवा लिए हैं, परंतु इनमें अपने माल की मांग बढ़ाने के लिए उसकी गुणवत्ता में निरंतर परिष्कार करना और उसे आकर्षक दामों पर बेचना होगा। उत्पादन का पैमाना बढ़ाए और शोध एवं विकास में निवेश किए बिना यह संभव नहीं हो सकेगा। चीन और वियतनाम शोध एवं विकास पर अपने बजट का 2.5 प्रतिशत से ऊपर खर्च करते हैं, जबकि भारत मात्र 0.65 प्रतिशत। ट्रंप की टैरिफ जंग से उठी संरक्षणवाद की लहर में रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता सबसे अहम हो गई है, जो शोध एवं विकास में भारी निवेश के बिना संभव नहीं।

आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए अब व्यापार बढ़ाने से ही काम नहीं चलेगा। भारत को एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती तकनीकों और इनके लिए आवश्यक ऊर्जा की तकनीक में भी आगे रहना होगा। पिछले कुछ महीनों में अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियों ने भारत में एआई डाटा केंद्र बनाने के लिए लगभग 8,000 करोड़ डॉलर के निवेश का वादा किया है। इनमें एमेजोन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और इंटेल जैसे नाम शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों से लगातार घटते विदेशी निवेश से जूझती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यकीनन यह बहुत अच्छी खबर है। हालांकि इनके लिए जितनी बड़ी मात्रा में ऊर्जा चाहिए होगी, उसे पश्चिम के विकसित देश भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

डाटा केंद्रों और भारी ऊर्जा खपत वाले एआई मॉडल तैयार करने के लिए भारत को भी अपना ऊर्जा उत्पादन बढ़ाकर चीन के पैमाने पर लाना होगा जो इस समय अमेरिका से भी ढाई गुना बिजली पैदा कर रहा है। बड़े पैमाने पर ऊर्जा के लिए सौर, पवन और हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों का विकास करना होगा, ताकि देश की हवा भी सांस लेने लायक बनी रहे। आज से दिल्ली में शुरू हुए एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन में इस प्रश्न के साथ-साथ एआई को समावेशी, जन और जलवायु अनुकूल बनाने पर भी चर्चा होगी। इस सम्मेलन से भारत में एआई के विकास, प्रयोग और निवेश को गति मिलने की आशा है।

## आज का राशिफल

### मेष

भाग्य का साथ मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। समय नेष्ट है। नकारात्मकता रहेगी।

### वृष

आज भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। भागदौड़ रहेगी। जोखिम न लें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

### मिथुन

कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में सुख-शांति रहेंगे।

### कर्क

शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

### सिंह

कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है।

### कन्या

कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

### तुला

आंखों को रोग व चोट से बचाएं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। मनोरंजक यात्रा की आयोजना हो सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। मित्र व संबंधियों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। कारोबार मनोनुकूल रहेगा।

### वृश्चिक

थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति हो सकती है।

### धनु

दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। आज के काम कल पर नहीं टालें। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा।

### मकर

संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे।

### कुंभ

जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे।

### मीन

प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। आय में निश्चितता रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# इतिहास और प्रकृति की नजदीकी है पसंद, तो घूम आएं खारे पानी की झील वाले शहर 'जांगलदेश'

इन गर्मियों की छुट्टियों में अगर आप कहीं घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको अपनी मंजिल चुनने से पहले कुछ बातों पर गौर जरूर करना चाहिए। दरअसल, हर व्यक्ति को घूमने के लिए अलग-अलग तरह की जगहें पसंद होती हैं। ऐसे में अगर आपको इतिहास, प्राकृतिक विविधता और खूबसूरती भरे नजारे देखने हैं, तो ऐसी एक बहुत ही शानदार जगह है। जिसका नाम है, नागौर, जो देश के सबसे बड़े खारे पानी वाली झील का शहर है। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म, कू ऐप पर राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा नियमित रूप से प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दी जाती है। कुछ वक्त पहले राजस्थान टूरिज्म ने उत्तर-पश्चिम मेवाड़ इलाके में स्थित नागौर के बारे में पोस्ट शेयर की थी। उत्तर में चूरू, उत्तर पश्चिम में बीकानेर और पूर्वोत्तर में सीकर जिले से घिरे नागौर के दक्षिण में पाली और पश्चिम व दक्षिण पश्चिम में जोधपुर हैं। इसके अलावा पूर्व में जयपुर व दक्षिण पूर्व में अजमेर है। नागौर जिले के दक्षिण पूर्व में खूबसूरत अरावली श्रृंखला है, जबकि दक्षिण पश्चिम में भारत की सबसे बड़ी खारे पानी वाली सांभर झील है। राजस्थान के बीच में स्थित नागौर को महाभारत काल में जांगलदेश के नाम से पुकारा जाता था। मुगल बादशाह शाहजहां ने राजा अमर सिंह राठौर को यह भेंट के रूप में दिया था और यह थार रेगिस्तान में यह फैला हुआ है। इस शहर पर कई बार आक्रमण हुआ और नागवंश, चौहान, राठौड़, मुगल और अंग्रेजों ने सालों तक राज किया।

### लाडनूं

समूचे भारत में सूती साड़ियों में यहां की साड़ियों को काफी बेहतरीन माना जाता है और इन साड़ियों को चटक रंग के साथ मुलायम कपड़े के लिए पसंद किया जाता है। 10वीं सदी में बसा यह स्थान जैन धर्म का महत्वपूर्ण केंद्र होने के साथ अहिंसा-करुणा का भी आध्यात्मिक केंद्र है।

### खींवसर किला


एक हैरिटेज होटल के रूप में विकसित किए जा चुके इस किले के बारे में माना जाता है कि इसे भी द्वितीय शताब्दी में नागवंश शासक द्वारा निर्मित करवाया गया था। थार रेगिस्तान के पूर्वी किनारे पर स्थित इस किले के आसपास काले हिरण घूमते नजर आ जाते हैं।

### कुचामन शहर

यहां बनी हवेलियां अपने शानदार वास्तुशिल्प के चलते शेखावाटी की हवेलियों से मिलती-जुलती दिखती हैं। यहां का सबसे महत्वपूर्ण कुचामन किला बहुत मशहूर है और दूर-दूर से लोग इसे देखने आते हैं। एक खड़ी पहाड़ी की चोटी पर बना यह राजस्थान का सबसे प्राचीन और दुर्गम किला है। इसके भीतर अपने आप में शानदार जल संचयन तकनीक, खूबसूरत महल के साथ अद्भुत भित्ति चित्र सैलानियों को काफी आकर्षित करते हैं। यहां पर जोधपुर के शासक की सोने-चांदी के सिक्कों की टकसालें भी मौजूद थीं। इस किले से ना केवल शहर बल्कि झील का मनोरम दृश्य और शहर के पुराने मंदिर, जाव की बावड़ी और खूबसूरत हवेली भी आसानी देखी जा सकती है।

### अहिछत्रगढ़ किला और संग्रहालय

नागौर में बने अहिछत्रगढ़ को 'फोर्ट ऑफ हुडेड कोबरा' यानी 'नागराज का फन' का नाम दिया गया है। करीब 36 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस



किले को 1985 में मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के संरक्षण में सौंप दिया गया था। यहां के महलों में ऐतिहासिक राजसी कुर्सी, मेज, सोफा, पलंग आदि लगे हुए हैं और दीवारों पर शाही चित्रकारी के अलावा बेहतरीन सजावटी सामान मौजूद है। 2002 में नागौर किले को संस्कृति विरासत संरक्षण के लिए यूनेस्को एशिया के पैसिफिक हैरिटेज अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### झोरड़ा

नागौर का झोरड़ा एक छोटा गांव है और कवि 'कानदानकल्पित' तथा प्रसिद्ध सूफी संत 'बाबा हरिराम' की जन्मस्थली है और इसके मशहूर होने की भी वजह है। हर साल भाद्रपद की चतुर्थी-पंचमी को सालाना मेला लगता है, जिसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत अन्य स्थानों के लोग आते हैं।



### मीरा बाई स्मारक

यहां पर लाइट-साउंड शो के जरिए मीरा बाई का पूरा जीवन दिखाया जाता है। इसमें बचपन, भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम, उनको पति और आराध्य मानने का किस्सा, मेवाड़ के राजकुमार के साथ मीरा बाई के विवाह, पति की मृत्यु, राजसी वैभव त्यागकर वैराग्य के मार्ग पर जाने, वृंदावन-द्वारका में प्रवास को बेहतरीन रंग-बिरंगी रोशनी, ऑडियो के जरिए लुभावने ढंग से प्रदर्शित किया जाता है। इस दौरान मीरा बाई से जुड़े संगीतमय भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है।

### बड़े पीर साहब दरगाह

मशहूर पवित्र स्थान होने के चलते बड़े पीर साहब की दरगाह को 17 अप्रैल 2008 को बतौर संग्रहालय के रूप में भी खोल दिया गया। यहां मशहूर कुरान शरीफ है, जिसे हजरत सैयद सैफुद्दीन अब्दुल जीलानी ने सुनहरी स्याही में लिखा था। इसके साथ उनकी छड़ी, पगड़ी/टोपी के साथ ऐतिहासिक महत्व की तमाम चीजें भी मौजूद हैं। यहां 1805 तक के प्राचीन भारतीय सिक्के, अब्राहम लिंकन की छवि वाले अमेरिकी सिक्के भी मौजूद हैं।

### नागौर किला

राजपूत और मुग़ल स्थापत्य कला के बेहतरीन नमूने के रूप में मौजूद नागौर के किले के बारे माना जाता है इसे द्वितीय शताब्दी में नाग राजवंश शासक द्वारा निर्मित करवाया गया था। इसके बाद 12वीं शताब्दी में पुनर्निर्माण हुआ। तमाम लड़ाइयों का साक्षी यह किला उत्तर भारत के पहले मुग़ल गढ़ों में से एक होने के नाते राजपूत-मुग़ल स्थापत्य शैली का शानदार उदाहरण है। वर्ष 2007 में यहां फव्वारे और खूबसूरत उद्यान के साथ पुनर्निर्माण हुआ और इसकी चमक में चार चांद लग गए। यह सूफी संगीत उत्सव के आयोजन के लिए मशहूर है।

# अपनी ओर आकर्षित करता है ऋषिकेश का शांत और सुरम्य वातावरण

दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए हर वीकेंड का पर्यटन स्थल ऋषिकेश धार्मिक दृष्टि से भी काफी महत्व रखता है। ऋषियों-मुनियों की इस तपोभूमि पर कई मंदिर ऐसे हैं जिनका उल्लेख पौराणिक ग्रंथों में भी मिलता है। ऋषिकेश को गढ़वाल हिमालय का प्रवेश द्वार और विश्व की योगनगरी के रूप में भी जाना जाता है। ऋषिकेश चार धाम तीर्थ स्थानों- बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के अलावा हरसिल, चोपता, औली जैसे हिमालयी पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रारम्भिक बिन्दु भी है। ऋषिकेश का शांत और सुरम्य वातावरण सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है। भारत के पवित्र स्थलों में से एक ऋषिकेश में कई साधु-संतों का आश्रम भी है। ऋषिकेश की सुंदरता बढ़ाने के लिए हिमालय की निचली पहाड़ियां और कल-कल बहती गंगा नदी भी अपना योगदान देती हैं। ऋषिकेश को चारधाम यानि केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री का प्रवेशद्वार माना जाता है। यहां सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी लोग भी अध्यात्म और शांति की चाह में आते हैं और मोक्ष के लिए ध्यान लगाते हैं। ऋषिकेश के लोकप्रिय स्थलों की बात करें तो उसमें सबसे पहले लक्ष्मण झूला का नाम आता है। कहा जाता है कि गंगा नदी को पार करने के लिए लक्ष्मणजी ने इस स्थान पर जूट का झूला बनवाया था। झूले के बीच में पहुँचने पर वह हिलता हुआ प्रतीत होता है। 450 फीट लम्बे इस झूले के समीप ही लक्ष्मण और रघुनाथ मन्दिर हैं। झूले पर खड़े होकर आसपास के खूबसूरत नजारों का आनन्द लिया जा सकता है। लक्ष्मण झूला के समान राम झूला भी नजदीक ही स्थित है। त्रिवेणी घाट को ऋषिकेश में स्नान करने का प्रमुख घाट माना जाता है। इस घाट का नाम त्रिवेणी इसलिए है क्योंकि यहां तीन प्रमुख नदियों- गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम होता है। हर रोज शाम को त्रिवेणी घाट पर होने वाली गंगा आरती देखना मन को शांति प्रदान करता है और आरती की भव्यता भी देखने लायक होती है। नीलकण्ठ महादेव मंदिर सभी को अवश्य जाना चाहिए। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी स्थान पर समुद्र मन्थन से निकला विष ग्रहण किया गया था। मन्दिर परिसर में पानी का एक प्रसिद्ध झरना है जहाँ भक्तगण मन्दिर के दर्शन करने से पहले स्नान करते हैं।

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

देश-प्रदेश की खबरें सबसे पहले पढ़ने के लिए क्लिक करें
www.dainiknavyatn.com

Follow kare :

www.twitter.com/DainikNavyatn

www.bit.ly/DainikNavyatnFacebook

www.instagram.com/dainiknavyatn

हमारे वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए क्लिक करें
www.chat.whatsapp.com/DU0tqhBPcrcADNklLCYtra

## भद्रा और चंद्र ग्रहण का योग : होली पर रहेगी भद्रा भूलोक और सिंह राशि में

### 3 मार्च को शाम 6 बजे बाद दिखेगा ब्लड मून

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इस वर्ष होली पर्व पर भद्रा और खग्रास चंद्र ग्रहण का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसको लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है। 2 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा, जबकि अगले दिन 3 मार्च को धुलंडी के दिन खग्रास चंद्र ग्रहण रहेगा। ग्रहण से 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाएगा, जिसमें शुभ कार्य और मंदिर दर्शन वर्जित माने जाते हैं। सूतक काल के दौरान आमतौर पर शुभ कार्यों पर रोक मानी जाती है। पंडित राजेश शर्मा के अनुसार 2 मार्च को शाम 5:55 बजे भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च सुबह 4:28 बजे तक रहेगा। इस वर्ष भद्रा भूलोक में और सिंह राशि में मानी जा रही है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका पूजन और दहन शास्त्र सम्मत और श्रेष्ठ रहेगा। उन्होंने बताया कि फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका पूजन का विशेष महत्व होता है। भद्रा काल में दान-पुण्य भी किया जा सकता है। ग्रहण काल साधना के लिए विशेष फलदायी माना जाता है। इस दौरान इष्ट देव या गुरु मंत्र की माला जाप करने से मंत्र सिद्धि का लाभ मिलता है। पंडित शर्मा के अनुसार भद्रा हिंदू पंचांग में वर्णित एक विशेष अशुभ काल है। इसे विष्टिकरण भी कहा जाता है। जब पंचांग में भद्रा लगती है, तब इसे शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना जाता है। भद्रा चंद्रमा की विशेष स्थिति में लगने वाला समय होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भद्रा शनिदेव की बहन मानी जाती हैं और इसका स्वभाव उग्र बताया गया है। शुक्ल या कृष्ण पक्ष की कुछ तिथियों में भद्रा का समय कभी दिन में, कभी रात में पड़ता है। दिन की भद्रा अधिक अशुभ मानी जाती है, जबकि रात की भद्रा कुछ कार्यों में दोषपूर्ण नहीं मानी जाती। पुराणों में उल्लेख है कि भद्रा जब पृथ्वी पर होती है, तब शुभ कार्यों में बाधा आती है। पंचांग देखकर भद्रा काल से बचने की परंपरा रही है।

शर्मा के अनुसार धुलंडी के दिन 3 मार्च को खग्रास चंद्र ग्रहण दोपहर 3:19 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। यह उदित चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें लगभग 17 मिनट तक पूर्ण खग्रास स्थिति बनी रहेगी। इस दौरान शाम 6 बजे बाद चंद्रमा लाल रंग का दिखेगा। खगोलीय भाषा में इसे ब्लड मून कहा जाता है।

## टेलीफोन अदालत बीस को

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगर के दूरभाष केंद्र टेलीफन एक्सचेंज कार्यालय में बीस फरवरी सुबह ग्यारह बजे दूरसंचार उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने के लिए टेलीफोन अदालत का आयोजन होगा। प्रस्ताव है। इस अदालत में खेतड़ी नगर कस्बे के टेलीफोन उपभोक्ताओं की टेलीफोन सेवाओं से संबंधित प्रकरणों और विवादों पर विचार किया जायेगा। पुराने लम्बित मामलो के संदर्भ मे विभाग से किए गए पत्राचार, निर्णयो की प्रति सहित पूर्ण विवरण के साथ आवेदन करें। सहायक महाप्रबंधक प्रशासन ने बताया कि टेलीफोन अदालत में प्राप्त शिकायतों पर उपभोक्ता की समस्याओं का यथोचित समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। शिकायतकर्ता को टेलीफोन अदालत के दिन स्वयं को उपस्थित होना होगा। किसी न्यायालय, उपभोक्ता परिषद में विचाराधीन मामले जिसमें अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ, उन पर विचार नहीं किया जायेगा। टेलीफोन बिल ध्ब्रॉडबैंड बिल से संबंधित वही मामले विचारणीय होंगे, जिनकी बिल तारीख 20 जनवरी 2026 से पहले की हो। टेलीफोन उपभोक्ताओं अपने पूर्ण तथ्यात्मक विवरण दो प्रतियों में उपमण्डल अभियन्ता नेटवर्क प्रचालन दूरभाष केन्द्र खेतड़ी नगर में 18 फरवरी तक अवश्य पहुचा देवें। इस के बाद के मामले विचारणीय नहीं होगें।

## बैठक 21 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी से संशोधित कर 21 फरवरी को किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन से संबंधित आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा करने के लिए 21 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी।

## भागवत कथा से गूंजेगा सुजडोला, क्षेत्रभर के श्रद्धालु होंगे शामिल

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आनंद, आस्था और भक्ति के माहौल में सुजडोला सहित आसपास के गांवों में 17 से 26 फरवरी तक भव्य धार्मिक आयोजन एवं मेले का आयोजन होगा। इस दौरान संगीतमय भागवत कथा का आयोजन आकाश गिरि महाराज के सानिध्य में किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। सुजडोला स्थित बाबा मढ़ी वाला जोहड़ काशीपुरी, मोहन गिरी की क्षेत्र में विशेष धार्मिक मान्यता है। इस धाम से लिखवा, सुजडोला, दमकोरा, छापड़ा सहित झुंझुनू जिले के सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी महेश बसावतिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 17 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर गांव की गलियों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेंगी। ढोल-नगाड़ों, भजनों और जयघोष के साथ निकाली जाने वाली यह यात्रा धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बनेगी। इसके बाद संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कथा के दौरान आनंद कृष्ण महाराज अपने प्रवचनों और भावपूर्ण कथावाचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर करेंगे। कथा में भगवान कृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और सनातन संस्कृति से जुड़े प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। दस दिवसीय आयोजन के दौरान मेले में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की विशेष छटा देखने को मिलेगी। सुजडोला के साथ दमकोरा, लिखवा, छापड़ा और सूरजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से संत-महात्मा और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन के आयोजक समस्त ग्रामवासी हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक लाभ लेने की अपील की है। आयोजन को लेकर गांव को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था को सशक्त करते हुए सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपराओं को नई मजबूती प्रदान करेगा।

## विशेष शिविर स्थगित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** अनुजा निगम की ओर से 18 फरवरी, 2026 को सुजानगढ़ पंचायत समिति सभागार में प्रस्तावित विशेष शिविर को स्थगित किया गया है। परियोजना प्रबंधक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से शिविर स्थगित किया गया है।

# हरिनाम संकीर्तन मौज फकीरा दी की प्रस्तुति में गायकों ने बांधा समां

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर राजापार्क के 64 वें पाटोत्सव समारोह के दौरान हरिनाम संकीर्तन मौज फकीरा दी में मनीष चौहान और दीपेश सुनेजा की मनभावक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। इस मौके पर संगीतमय प्रस्तुतियों हरि बोल श्री राधे कृष्णा गोविंद तेरा दरबार निराला, तेरे द्वार पर एक दास, झोली भर दे कृष्णा तेरी महिमा न्यारी देवों के देव महादेव और प्यारा सजा है दरबार भवानी मेरी बिगड़ी को पार लगा देना आदि की प्रस्तुति ने मंदिर प्रांगण को भक्तिमय में बना दिया। इस मौके पर ढोल, मंझीरे, हारमोनियम, बांसुरी और डीजे की धुन पर थिरकते हुए भक्तों की प्रस्तुति को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भी भजन गंगा में डुबकी लगाते हुए नृत्यगान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवाओं ने जमकर प्रभु भक्ति का आनंद लिया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में सभी देवों की विशेष झांकी सजाई गई। सभी देवों के अनेक प्रकार के फल और मिठाइयों का भोग लगाया गया। इस मौके पर भजन गायकों ने विशेष प्रस्तुतियों पर लोगों की खूब दाद पाई। इसी कड़ी में आयोजन के दौरान महिला मंडल की ओर से सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया। मंदिर ट्रस्ट के संचालक श्रीराम जुनेजा एवं अध्यक्ष देवेश जुनेजा ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत गणेश निमंत्रण से हुई। महिलाओं ने सुंदरकांड की चौपाइयों पर भगवान के दरबार में देर तक हाजरी लगाई। इस मौके पर हनुमान जी का सुगंधित पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया। जुनेजा ने बताया कि 22 फरवरी को मुख्य आयोजन के दौरान भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी का महाभिषेक, पाटोत्सव पूजन एवं बधाई गान होगा।

पाटोत्सव पूजन के बाद विशाल भंडारा होगा। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेश जुनेजा ने बताया सोमवार, 23 फरवरी को दोपहर में महिला मंडल की और से पुष्प फागोत्सव व दीप यज्ञ के साथ आयोजन का समापन होगा।

## आईआईएफएल फाईनेंस ने 9 प्रतिशत सालाना रिटर्न के साथ 2000 करोड़ के बॉन्ड जारी किए




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड ने रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर एनसीडी के पब्लिक इश्यू जारी किए हैं, जो मंगलवार से मिलना शुरू होंगे। इनका इश्यू साईज 500 करोड़ रुपये है और 1500 करोड़ रुपये तक का ओवरसब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन.शू विकल्प है। इस प्रकार कुल इश्यू साईज 2000 करोड़ रुपये का होगा। इस फंड का उद्देश्य कंपनी के व्यवसाय में वृद्धि करना और पूंजी बढ़ाना है। इस एनसीडी द्वारा 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक का प्रभावी रिटर्न मिलेगा और यह 24 महीनों, 36 महीनों, और 60 महीनों की अवधियों के लिए उपलब्ध होगा। ब्याज का पे-आउट मासिक, वार्षिक या मैच्योरिटी के बाद लिया जा सकता है। इस इश्यू को क्राईसिल रेटिंग्स ने क्राईसिल एएध्स्टेबल रेटिंग दी है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स द्वारा इसे बीडब्लूआर एए स्टेबल रेटिंग दी गई है, जिससे प्रदर्शित होता है कि इनमें बहुत कम क्रेडिट रिस्क है और ये फाईनेंशियल दायित्वों को समय पर पूरा करने के लिए बहुत ज्यादा सुरक्षित हैं। फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर आईआईएफएल फाईनेंस निर्मल जैन ने कहा कि आईआईएफएल फाईनेंस भारत के प्रमुख एनबीएफसी में से एक है। यह पूरे देश में मजबूत स्थिति रखता है। इसका डाईवर्सिफाईड रिटेल पोर्टफोलियो 4.6 मिलियन से अधिक वंचित ग्राहकों को क्रेडिट प्रदान करता है। इस प्रस्तावित फ ंड के माध्यम से हम क्रेडिट की उपलब्धता और अधिक बढ़ाएंगे तथा अपने फंडिंग स्त्रोतों का विस्तार करेंगे। पिछले कुछ सालों में आईआईएफएल फाईनेंस ने बॉन्ड के माध्यम से फंड एकत्रित करने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है तथा मूल राशि एवं ब्याज का समय पर भुगतान किया है।

## मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक अध्यक्ष मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी उपखंड अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुई। मीटींग में वित्तीय वर्ष 2026-27 के निविदा प्रक्रिया, वर्ष 2025-26 के आय व्यय का अनुमोदन, चिकित्सा संस्थान व आवासीय क्वाटर्स की मरम्मत के प्रस्ताव, सहकारी समिति किराया निर्धारण, चिकित्सकीय आवश्यक उपकरण क्रय एवं सहायक कर्मचारी लगाने के प्रस्ताव पारित किए गए। चिकित्सा संस्थान में सोनोग्राफी लगवाने के प्रस्ताव एवं मोर्चरी निर्माण के प्रस्ताव निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए जयपुर को भिजवाने का निर्णय लिया गया।

मीटींग में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज शर्मा, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. कमल कुमार यादव, डॉ. सुरेश कुमार वर्मा, डॉ. ओम प्रकाश सामोता, अनिता, दिनेश कुमार बारोलिया, सागर मल, ड्क्षसह अशोक यादव, डाण्मुकेश कानुनगो, रतन सिंह, सत्यनारायण खाण्डल व कमल जैन उपस्थित रहे।



## बैटरी स्कूटर शोरूम में लगी आग

**जयपुर ( नवयत्न )।** चित्रकूट थाना इलाके में सोमवार को बैटरी स्कूटी के शोरुम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन आग पर काबू पाने से पहले तीन इलेक्ट्रिक स्कूटी और बैटरियां आग की भेंट चढ़ गई। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित मॉल ऑफ जयपुर के समीप इलेक्ट्रिक स्कूटी के शोरुम में सोमवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर थानाधिकारी प्रभु सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंची तीन दमकल विभाग की गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। इस आगजनी में तीन इलैक्ट्रिक स्कूटी और कुछ बैटरियों समेत शोरुम का फर्नीचर आग की भेंट चढ़ गया। गनीमत रही हादसे के बाद शोरुम कर्मचारियों ने अपनी सूझबुझ का परिचय देते हुए 15 अन्य स्कूटियों को समय रहते बाहर निकाल लिया। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मामले की जांच करने में जुटी है।




## कबाड़ी की दुकान में लगी भीषण आग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा थाना इलाके में सोमवार शाम को टायर-केमिकल गोदाम में अचानक से आग लग गई। जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि गोदाम में लगी आग इतनी भीषण की थी की दमकल विभाग की आधा दर्जन गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित संजय नगर, नारायणपुरी टायर केमिकल का गोदाम था। जिसमें सोमवार शाम को अचानक से आग लग गई। बताया जा रहा है कि जहां आगजनी की घटना हुई वो एक रिहायशी इलाका है। विस्फोट की आशंका को देखते हुए बिजली आपूर्ति ठप्प की गई हालांकी इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि आसमान में धुंए का गुब्बार देख कर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आपसी समझाईश कर लोगों को दूर भगाया लेकिन भीड़ के चलते वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात अवरुद्ध हो गया। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से यातायात सुचारु कराया।

## डीएसईओ को डीडीओ बनाना अव्यवहारिक : तिवाड़ी

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** संस्कृत शिक्षा विभाग में आयुक्त द्वारा सम्भागीय संस्कृत शिक्षाधिकारियों को डीडीओ पावर देने सम्बन्धी आदेश को वर्तमान स्थिति में अव्यवहारिक एवं परेशानी पैदा करने वाला बताते हुए राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने आयुक्त को पत्र लिखकर आदेश प्रत्यहारित करने एवं समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। तिवाड़ी के अनुसार प्रवेशिका से वरिष्ठ उपाध्याय में क्रमोन्नत 224 विद्यालयों के डीडीओ पावर सभी सम्भागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। इस नयी डीडीओ व्यवस्था से सत्रांत के चलते अकेले सम्भागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी को अपने अधीन क्रमोन्नत विद्यालयों से सम्बन्धित विभिन्न मदों के वेतन, टीए, एसएनए के विभिन्न बिलों के साथ ही अन्य वित्तीय व कार्यालय कार्य करने पड़ेंगे। इस हेतु सैंकड़ो बार ओटीपी आयेगा। वहीं इस माह में ही टेक्स गणना के बाद कटौती भी होनी है। ऐसे में एक ही अधिकारी के पास पदीय जिम्मेदारी के साथ साथ इतना अधिक अतिरिक्त कार्यभार होने से यदि किसी कारणवश समय से बिल पारित नहीं हो सके तो नयी समस्या खड़ी हो सकती है। तिवाड़ी ने सभी सम्भागों में इन क्रमोन्नत विद्यालयों के नजदीकी विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य या प्राध्यापक को अग्रिम व्यवस्था होने तक अविलम्ब डीडीओ पावर देने का निवेदन किया है। प्रदेश महामंत्री दयालसिंह काजला ने बताया कि पत्र की प्रति शिक्षा सचिव एवं उप सचिव को भी भेजी गयी हैं।

## श्रीराम परिवार का पंचामृत से किया अभिषेक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री रामानन्द वैष्णव मण्डल द्वारा सियाराम डूंगरी आमेर में अयोध्या दास महाराज के सानिध्य में छठी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मन्दिर के महंत अयोध्या दास महाराज ने श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माताजी का दूध दही पंचामृत से अभिषेक किया और सुगंधित चन्दन लगाकर मनोहारी पोशाक और आभुषण पहनाकर फुलों से सुन्दर श्रगार किया गया। आयोजन में पुरे मन्दिर परिसर को बांदरवाल, पताकाओं और रंगीन गुब्बारे से सजाया गया। समाज के गिरधारी नारायण अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण काकडे वाले, अवधेश पाटोदिया, श्याम अग्रवाल, केशव अग्रवाल, अरविन्द खंडेलवाल, बृज बिहारी दुसाध, जगदीश प्रसाद काकडेवाले, बृजमोहन गोयल ने बधाई पद गाकर भगवान को रिझाया। इस मौके पर समाज रामानन्द मण्डल के सदस्य रामबाबू झालानी ने बताया कि हर वर्ष सियाराम डूंगरी आमेर में छठी महोत्सव 35 वर्षों से मनाया जा रहा है। महंत अयोध्या दास महाराज ने इस मौके पर सभी संतों-महंतों को शाल और श्रीफल भेंट करते हुए सभी सदस्यों को बधाई दी। मन्दिर के सदस्य गोविन्द कट्टा ने बिहारी मंदिर किशनपोल के महंत नरेन्द्र दास महाराज का माला-दुपट्टा, दुशाले से स्वागत किया। इस अवसर पर समाज कि राजकुमारी अग्रवाल, सरोज खंडेलवाल, कृष्ण अग्रवाल, उर्मिला झालानी, सुनीता अग्रवाल, सुशील शर्मा, गायत्री, मुनी देवी आदि महिलाओं ने अलग-अलग तरह के थालो में बधाई के लिए कपड़े, खिलोने, फल, मेवे शाल दुशाले लेकर दरबार में पहुंचीं और नाच, गाकर भगवान को रिझाया। सभी भक्तों को मन्दिर के महंत ने बधाई दी। उसके बाद सभी भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।



## राजस्थान जैन सभा के तत्वावधान में मार्च माह में 108 स्थानों पर लगेंगे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन समाज का एक मात्र प्रादेशिक पंजीकृत प्रतिनिधि संगठन राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव जन्म जयंती समारोह के अवसर पर मानव सेवार्थ, धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के कई कार्यक्रम किए जाएंगे । भगवान महावीर के जीओ और जीने दो के सिद्धांत को सार्थक करने के लिए मार्च माह के प्रत्येक रविवार को-01 मार्च से रविवार 29 मार्च के दौरान 108 स्थानों पर स्वैच्छिक रक्त शिविर आयोजित किए जाएंगे। रक्तदान शिविरों के आयोजन की तैयारिया पूरी कर ली गई है।

सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि भगवान महावीर का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव के दौरान मानव सेवार्थ 108 स्थानों पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों में 2625 युनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। एकत्रित रक्त को जरुरतमंद रोगियों को नि:शुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। इन रक्तदान शिविरों के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन सोमवार को एक सादा समारोह में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने किया। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, महामंत्री मनीष बैद, रक्त दान शिविर मुख्य संयोजक राजीव पा सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। रक्तदान शिविर के मुख्य संयोजक राजीव पाटनी ने बताया कि मार्च माह के दौरान जयपुर से बाहर राजस्थान जैन सभा की शाखाओं द्वारा 15 स्थानों पर तथा जयपुर शहर में 93 स्थानों पर रक्तदान शिविरो का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरो के आयोजन के लिए जयपुर शहर को 13 जोनों में बाटां जाकर 26 क्षेत्रीय संयोजक बनाए गए हैं। एकत्रित रक्त को जरुरतमंद रोगियों को निशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा।




## नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पोक्सो न्यायालय झुंझुनू के विशिष्ठ न्यायाधीश इसरार खोखर द्वारा दिये एक निर्णय में एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी पंकज कुमार उर्फ पंकू पुत्र बाबूलाल वाल्मीकि निवासी वार्ड नम्बर 6 चंवरा पुलिस थाना उदयपुरवाटी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। इस मामले में पीड़िता के पिता ने थाना उदयपुरवाटी पर एक रिपोर्ट दी थी। राज्य सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे विशिष्ठ लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता कक्षा 11वीं की परीक्षा का पेपर देने के लिये स्कूल गयी थी। 26 अप्रैल 2024 को परीक्षा देने स्कूल स्थित कक्षा में नही पहुँची तो स्कूल के अध्यापको ने परिजनो को सूचना दी। विशिष्ठ लोक अभियोजक भाम्बू ने बताया कि आरोपी पीड़िता को बहला-फुसलाकर पहले नीमकाथाना तथा बाद में जयपुर व अजमेर ले गया व जयपुर से जंवाईबांध सुमेरपुर भी ले गया तथा पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया व धमकी दी कि किसी को बताया तो तेरे घरवालो को जान से मार देगा। पुलिस ने पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर बाद जांच पंकज कुमार उर्फ पंकू के विरूद्ध पोक्सो न्यायालय में चालान पेश कर दिया। विशिष्ठ लोक अभियोजक भाम्बू ने इस्तगासा पक्ष की ओर से 17 गवाहान के बयान दर्ज करवाये व 42 दस्तावेज प्रदर्शित करवाते हुये न्यायालय में तर्क दिया कि आरोपी को कठोर से कठोर सजा दी जाये। न्यायाधीश ने पत्रावली पर आई साक्ष्य का बारिकी से विशखेषण करते हुये आरोपी को अन्य धाराओ में और सजा देते हुये सभी सजाये साथ-साथ भुगतने का आदेश देते हुये कुल 2 लाख 10 हजार रूपये का जुर्माना भी आरोपी पर किया है।

# शरीर में यूरिक एसिड बढ़ाती हैं ये गलतियां, बढ़ता है गठिया का खतरा

हमारे शरीर में हर रसायन की एक निश्चित मात्रा होती है। जब इन रसायनों की मात्रा बढ़ती या कम होती है, तो कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही यूरिक एसिड के साथ भी होता है। शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने पर जोड़ों में दर्द, हाई ब्लड प्रेशर और उठने-बैठने में दिक्कत महसूस हो सकती है। दरअसल, यूरिक एसिड ब्लड में पाया जाता है। वैसे तो यूरिक एसिड कुछ खास खाद्य पदार्थों को खाने से बढ़ सकता है। लेकिन कुछ स्थितियों में आपकी गलतियों की वजह से भी यूरिक एसिड बढ़ सकता है।

**मोटापा :** मोटापा यूरिक एसिड बढ़ने का एक मुख्य कारण हो सकता है। अगर आपका वजन कंट्रोल में नहीं रहता है, तो आपको दिक्कत हो सकती है। बढ़ा हुआ वजन आपकी कई समस्याओं का कारण बन सकता है। मोटे लोगों में यूरिक एसिड बढ़ने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए अपने वजन को कंट्रोल में रखना बहुत जरूरी होता है।



**नॉनवेज :** वैसे तो नॉनवेज को हेल्थ के लिए काफी अच्छा माना गया है। लेकिन अगर नॉनवेज का अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है, तो इससे शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ सकता है। जिन लोगों के शरीर में पहले से ही यूरिक एसिड बढ़ा हुआ है, उन्हें नॉनवेज का सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, नॉनवेज में प्यूरीन की मात्रा अधिक पाई जाती है, इससे यूरिक एसिड बढ़ सकता है और आपको दिक्कत महसूस हो सकती है।

**शराब या सिगरेट :** शराब और सिगरेट दोनों ही सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं। अगर आप रोजाना शराब और सिगरेट पीते हैं, तो इससे आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ सकती है। दरअसल, शराब पीने से बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है और ऐसे में शरीर से टॉक्सिंस बाहर नहीं निकल पाते हैं। जब शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर नहीं निकलते हैं, तो जोड़ों में दर्द की समस्या होने लगती है। इसलिए आपको आज से ही शराब पीना बंद कर देना चाहिए।

**दही :** कई लोग रोजाना दही का सेवन करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार खट्टी दही खाने से शरीर में यूरिक एसिड बढ़ सकता है। इसलिए जिन लोगों को जोड़ों में दर्द रहता है, उन्हें खट्टी दही से पूरी तरह से परहेज करना चाहिए। इसके अलावा खट्टे फलों और अन्य खट्टी चीजों के सेवन करने से भी बचना चाहिए। भले ही खट्टे फलों में पोषक तत्व भरपूर होते हैं, लेकिन ये यूरिक एसिड को बढ़ा सकते हैं।

# वजन घटाने के लिए डाइट में शामिल करें ये चटपटे रायता

वजन कम करने के लिए कई बार लोग बेस्वाद चीजें खाना शुरू कर देते हैं। ज्यादातर लोगों को लगता है कि वजन घटाने के लिए बोरिंग खाना ही खाना पड़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप स्वादिष्ट और चटपटे रायते खाकर भी अपना वजन तेजी से कम कर सकते हैं? रायता शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ, हड्डियों को मजबूत रखता है। प्रोबायोटिक्स होने के साथ ये पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाता है। कैल्शियम से भरपूर रायता शरीर का वजन कम करने में सहायक है। रायता में मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरे होने का एहसास कराता है, जिससे आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं और कम कैलोरीज ग्रहण करते हैं।

**खीरे का रायता :** खीरे में भरपूर मात्रा में पानी पाया जाता है, जो लंबे समय तक शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। वहीं दही में मौजूद कैल्शियम शरीर की हड्डियों को मजबूत करता है। खीरे के रायते को स्वादिष्ट बनाने के लिए काला नमक और काली मिर्च भी डाल सकते हैं। इस रायते में जीरो फैट मौजूद होने से ये वजन कम करने में भी मदद करता है। इसका सेवन सुबह नाश्ते के समय और दोपहर के लंच में किया जा सकता है।

**पुदीने का रायता :** दही में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। पुदीने का इस्तेमाल करके आप स्वादिष्ट रायता आसानी से तैयार कर सकते हैं। पुदीने में मौजूद विटामिन ए और विटामिन सी शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम करता है। रायते को स्वादिष्ट बनाने के लिए नमक और भुना जीरा भी इसमें डाल सकते हैं। पुदीने का टेस्ट स्वाद में काफी अच्छा लगता है। इसके नियमित सेवन करने से पाचन तंत्र भी ठीक रहता है।

**लौकी रायता :** लौकी का रायता शरीर को हाइड्रेट रखता है। इसके सेवन करने से लंबे समय तक भूख का एहसास नहीं होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने का काम करता है। लौकी का रायता स्वादिष्ट होने के साथ पचने में भी बहुत आसान होता है। लौकी का रायता खाने से शरीर को एनर्जी मिलती है।

**जीरा रायता :** जीरे को रायते में मिलाने से ये और भी स्वादिष्ट हो जाता है। जीरा पाचन तंत्र को मजबूत रखने के साथ बेली फैट को भी कम करने में मददगार होता है। जीरे को एक मसाले के रूप में जाना जाता है। रायते में इसे भून कर या कच्चा ही इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। जीरे का सेवन वजन कम करने में फायदेंमद होता है।

# काला गोंद खाने से सेहत को मिल सकते हैं ये फायदे

अधिकतर लोग काले गोंद का सेवन करते हैं। लेकिन कई लोग काले गोंद के बारे में जानते भी नहीं है। दरअसल, कुछ पेड़ों के तनों से नैचुरल रूप से रस निकलता है। यह रस चिपचिपा होता है, फिर जब यह रस निकलता है तो सूख जाता है। इस सूखे और जमे हुए रस को ही गोंद कहा जाता है।

**वजन घटाए काला गोंद :** अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में काला गोंद शामिल कर सकते हैं। काला गोंद खाने से बॉडी फैट बर्न होता है। इससे मोटापा घटाया जा सकता है। दरअसल, काले गोंद में फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में काला गोंद खाने के बाद लंबे समय तक भूख नहीं लगती है। इससे मोटापा कम हो सकता है।

**डायबिटीज में फायदेमंद :** अगर आपको डायबिटीज है, तो भी आप काले गोंद का सेवन कर सकते हैं। डायबिटीज की स्थिति में शुगर लेवल बढ़ जाता है। ऐसे में अगर काले गोंद का सेवन किया जाता है, तो यह शुगर लेवल को कंट्रोल रखता है। साथ ही काला गोंद खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल लेवल भी कम होने में मदद मिलती है।

**पेट की समस्याएं दूर करे :** अगर आपको पेट से जुड़ी कोई भी समस्या है, तो आप काले गोंद का सेवन कर सकते हैं। काला गोंद लेने से पेट से संबंधित समस्याएं, जैसे-गैस, अपच और एसिडिटी से आराम मिलता है। पेट की समस्याओं को दूर करने के लिए आप गोंद के पाउडर को दही के साथ मिलाकर ले सकते हैं। इससे पेट दर्द और ऐंठन की समस्या में भी आराम मिलेगा।

**त्वचा के लिए उपयोगी :** काला गोंद त्वचा के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है। काले गोंद में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जो त्वचा की समस्याओं जैसे-एग्जिमा, दाग-धब्बे, एक्ने की समस्या में आराम मिलता है। काला गोंद एग्जिमा के ट्रीटमेंट करने में असरदार हो सकता है।

**घाव ठीक करे :** अगर आपकी त्वचा पर चोट या घाव बन गया है, तो आप काले गोंद के पाउडर का पेस्ट बनाकर लगा सकते हैं। काले गोंद में एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं।

# कई बीमारियों के संकेत देता है जरूरत से ज्यादा पसीना आना, ना करें इसे नजरअंदाज


पसीना आना शरीर की एक सामान्य क्रिया है। जब शरीर का तापमान बढ़ता है तो ऐसे शरीर खुद को कूल डाउन करने के लिए पसीने को निकालता है। कभी-कभी भारी पसीना आना सामान्य होता है। गर्मी व उमस के मौसम में हर व्यक्ति पसीने के कारण परेशान होता है। इतना ही नहीं, कुछ खास स्थितियों में जैसे एक्सरसाइज करते समय, धूप में घूमते समय व्यक्ति को पसीना आता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि शरीर का तापमान बढ़ जाता है। वहीं, महिलाओं को मेनोपॉज के कारण भी अक्सर बहुत अधिक पसीना आता है।

लेकिन, अगर इन स्थितियों के अलावा भी आपको हमेशा ही पसीना आता है। यहां तक कि आपको अपने साथ तौलिया रखने की जरूरत महसूस होती है तो आपको इसे थोड़ा सीरियसली लेना चाहिए। आवश्यकता से अधिक पसीना आना इस बात का संकेत है कि आपके शरीर के भीतर कुछ गड़बड़ है और आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अतिरिक्त सतर्क होने की आवश्यकता है।

**डायबिटीजहाइपोग्लाइसीमिया :** मधुमेह हाइपोग्लाइसीमिया तब होता है जब मधुमेह पीड़ित व्यक्ति के रक्त में पर्याप्त शर्करा अर्थात् ग्लूकोज नहीं बनता है। ग्लूकोज शरीर और मस्तिष्क के लिए ईंधन का मुख्य स्रोत है, ऐसे में अगर यह पर्याप्त मात्रा में नहीं है तो इससे आपके शरीर की कार्यप्रणाली सही तरह से काम नहीं करती है। जिन व्यक्ति को यह समस्या होती है, उन्हें आवश्यकता से अधिक पसीना आता है। यहां तक कि रात में पसीने के कारण चादरें या कपड़े भी नम हो जाते हैं। हालांकि, ऐसे लोगों को बुरे सपने, जागने पर थकान, चिड़चिड़ापन या भ्रम की स्थिति का सामना भी करना पड़ सकता है।

**हाइपरथायरायडिज्म :** हाइपरथायरायडिज्म तब होता है जब आपकी थायरॉयड ग्रंथि बहुत अधिक हार्मोन थायरोक्सिन का उत्पादन करती है। हाइपरथायरायडिज्म आपके शरीर के चयापचय को तेज कर सकता है, जिससे अनजाने में वजन कम हो सकता है और दिल की धड़कन तेज या अनियमित हो सकती है। जब व्यक्ति हाइपरथायरायडिज्म से पीड़ित होता है तो ऐसे में व्यक्ति को वेट लॉस के अलावा हीट के प्रति सेंसेटिविटी भी बढ़ सकती है। इतना ही नहीं, व्यक्ति को बहुत पसीना भी आता है और भूख भी बढ़ती है।

**ल्यूकेमिया :** ल्यूकेमिया शरीर के रक्त बनाने वाले ऊतकों का कैंसर है, जिसमें बोन-मैरो और लसीका तंत्र शामिल हैं। ल्यूकेमिया में आमतौर पर सफेद रक्त कोशिकाएं शामिल होती हैं। आपकी श्वेत रक्त कोशिकाएं शक्तिशाली संक्रमण से लड़ने वाली हैं, वे सामान्य रूप से बढ़ती हैं और एक व्यवस्थित तरीके से विभाजित होती हैं, क्योंकि आपके शरीर को उनकी आवश्यकता होती है। लेकिन ल्यूकेमिया वाले लोगों में, बोन मैरो अत्यधिक मात्रा में असामान्य सफेद रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करती है, जो ठीक से काम नहीं करती हैं। जब व्यक्ति ल्यूकेमिया से पीड़ित होता है तो उसे कई लक्षण नजर आ सकते हैं, जिसमें व्यक्ति को रात के समय आवश्यकता से अधिक पसीना आता है। इसके अलावा, उसे हड्डियों में दर्द होना, वजन कम होना, कमजोरी, थकान होना, बुखार व लगातार इंफेक्शन होने की समस्या भी हो सकती है।



**मेनोपॉज :** मेनोपॉज वह समय है जब महिला का पीरियड साइकल खत्म होने लगता है। मेनोपॉज का पीरियड हर महिला के लिए अलग होता है, लेकिन औसतन यह महिला में 40 या 50 के दशक में हो सकती है। यह एक नेचुरल बायोलॉजिक प्रोसेस है और इस दौरान महिला को अपने शरीर में कई बदलाव नजर आते हैं। इस अवस्था में हॉट फ्लैशेज की समस्या होती है और महिला को बहुत अधिक पसीना आता है।

इसके अलावा, महिला की नींद भी डिस्टर्ब होती है, जिससे महिला को ऊर्जा का स्तर कम महसूस होता है।

# दिन की शुरुआत में भीगे हुए नट्स खाने से मिलते हैं कई फायदे

**नट्स खाना सेहत के लिए बेहद ही लाभकारी माना गया है। इनमें केवल विटामिन या मिनरल्स ही नहीं होते हैं, बल्कि ओमेगा -3 फैटी एसिड भी होता है। जब लोग इसका सेवन करते हैं तो इससे ना केवल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है, बल्कि यह अनियमित दिल की धड़कन को बेहतर बनाने और दिल के दौरे को रोकने में मदद करता है। इसके अलावा, नट्स का सेवन रक्त शर्करा का प्रबंधन करने और हमें कई तरह की लाइफस्टाइल बीमारियों से भी बचाने में मदद करते हैं। यूं तो नट्स के सेवन के कई फायदे होते हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी होता है कि आप इनका सही तरह से सेवन करें। मसलन, आमतौर पर दिन की शुरुआत भीगे हुए नट्स से करने की सलाह दी जाती है। जब नट्स को भिगोकर खाया जाता है, तो वह पाचन और पोषण अवशोषण में मदद कर सकते हैं। इतना ही नहीं, दिन में सबसे पहले भीगे हुए नट्स खाने से अन्य भी कई लाभ मिलते हैं।**

## हेल्दी तरीके से होती है दिन की शुरुआत

दिन की शुरुआत में भीगे हुए नट्स खाने से आपको एक किक स्टार्ट मिलता है। जब आप नट्स को भिगोते हैं, तो आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम और जिंक जैसे आवश्यक खनिज शरीर द्वारा बेहतर अवशोषित होते हैं। इनमें फाइबर अधिक होता है। ये फाइबर हमारे शरीर में अच्छे बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ाकर हमारे पाचन तंत्र के सामान्य स्वास्थ्य में मदद करते हैं।

## शरीर को मिलती है ऊर्जा

जब आप सुबह उठते हैं तो हमेशा ऐसा कुछ खाने की सलाह दी जाती है, जो आपके शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद करे। ऐसे में भीगे हुए नट्स को खाना लाभदायक हो सकता है। यह ऊर्जा का एक अच्छा स्त्रोत माने जाते है और आपके हार्मोनल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं।

## वजन कम करने में सहायक

अगर आप हेल्दी तरीके से वजन कम करना चाहती हैं तो ऐसे में आपको दिन की शुरुआत में भीगे हुए नट्स खाने पर विचार करना चाहिए। कई अध्ययनों से भी यह पता चलता है कि सुबह सबसे पहले नट्स खाने से लोगों को वजन कम करने में मदद मिल सकती है। अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको दिन की शुरुआत में भीगे हुए अखरोट को खाना चाहिए।



## मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक

मधुमेह रोगियों को भी दिन की शुरुआत में भीगे हुए नट्स खाने चाहिए। नट्स में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने की क्षमता होती है और इसलिए, यह मधुमेह रोगियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। मधुमेह होने पर व्यक्ति को हृद्य रोग होने की संभावना भी बढ़ जाती है। लेकिन अगर आप रोज सुबह भीगे हुए मेवे खाने लगेंगे तो इससे आपके दिल की सेहत में भी काफी सुधार होगा।

## स्किन के लिए लाभदायक

अखरोट और बादाम फ्री रेडिकल्स को दूर करने में मदद करते हैं। इनसे मिलने वाले पोषक तत्व कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं। लेकिन नट्स से आपको किसी तरह का नुकसान ना हो और आपकी स्किन भी जवां दिखे तो ऐसे में नट्स का भिगोकर सुबह सबसे पहले सेवन करें।

# गुलकंद से घटाएं वजन इन तरीकों से करें सेवन

**गुलकंद का नाम सुनते ही सबसे पहले हमें पान की मिठास याद आ जाती है। लेकिन पान के अलावा गुलकंद का इस्तेमाल कई अन्य चीजों में किया जाता है। शरीर के लिए गुलकंद काफी हेल्दी माना जाता है। यह आपके मूड को फ्रेश करने के साथ-साथ कई तरह की परेशानियों को दूर कर सकता है। गुलकंद में नैचुरल रूप से शीतलक गुण पाया जाता है, जो आपकी नींद को बेहतर कर सकता है। अगर आप वजन कम करने के दौरान गुलकंद का सेवन करना चाहते हैं तो कई तरह से इसका सेवन कर सकते हैं। वेट लॉस जर्नी के दौरान गुलकंद का सेवन करने से मीठा खाने की इच्छा कम होती है, जिससे कई तरह की समस्याओं को कम किया जा सकता है।**

## दूध के साथ गुलकंद

दूध के साथ गुलकंद का सेवन वजन कम करने में प्रभावी हो सकता है। खासतौर पर रात में सोने से पहले पहले 1 गिलास दूध के साथ चीनी या फिर कोई अन्य चीजों के अलावा गुलकंद का सेवन करें। यह आपकी नींद को बेहतर करता है। साथ ही पाचन में भी सुधार लाता है, जिससे वजन कम हो सकता है।

## गर्म पानी के साथ गुलकंद

दिन के समय गर्म पानी के साथ गुलकंद का सेवन किया जा सकता है। गर्म पानी के साथ गुलकंद का सेवन करने से वजन कम हो सकता है। इसके लिए दिन में कम से कम 2 बार गर्म पानी के साथ गुलकंद लें। इससे आप ओवरईटिंग से बचेंगे, साथ ही अगर आपको मीठा खाने की इच्छा ज्यादा होती है, तो यह आपकी मीठे खाने की क्रेविंग्स को कम कर सकता है।

## लस्सी के साथ गुलकंद

लस्सी में अगर आप काफी ज्यादा चीनी डालकर गुलकंद का सेवन करते हैं तो यह आपके शरीर का वजन बढ़ा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि लस्सी में चीनी के बजाय गुलकंद डालकर इसका सेवन करें। इससे आप ज्यादा मीठा खाने से बचेंगे। इससे आपको वजन भी कम होगा।

## प्रोटीन लड्डू के साथ

प्रोटीन बार या फिर लड्डू बनाने के दौरान गुलकंद का यूज करें। यह काफी बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपके शरीर का वजन कम होगा। साथ ही आपको मीठा खाने की क्रेविंग कम होगी।



## इलायची के साथ

गुलकंद और इलायची के सेवन से भी आपके शरीर का वजन कम हो सकता है। यह आपके लिए माउथ फ्रेशनर की तरह कार्य करता है। साथ ही ओवरईटिंग से भी बचाव कर सकता है। इससे वजन कम होने में मदद मिल सकती है।

# सफेद बालों की समस्या दूर करेंगी इमली की पत्तियां

बढ़ती उम्र के साथ सफेद बालों की समस्या होना काफी आम है, लेकिन इन दिनों लोग कम उम्र में सफेद बालों की समस्या से जूझ रहे हैं। इसका कारण बढ़ता स्ट्रेस, धूल-मिट्टी, प्रदूषण, गलत खानपान इत्यादि है। अगर आप भी सफेद बालों की समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपके लिए इमली की पत्तियां काफी प्रभावी हो सकती हैं। इमली की पत्तियों में कलरिंग एजेंट पाया जाता है। इसके अलावा इसमें विटामिन सी और कई अन्य तरह के मिनरल्स पाए जाते हैं, जो सफेद बालों की समस्या को दूर कर सकते हैं।

## इमली की पत्तियों का स्प्रे

सफेद बालों की परेशानी दूर करने के लिए इमली की पत्तियों से तैयार स्प्रे रोजाना बालों में लगाएं। इससे बहुत ही जल्द सफेद बालों की समस्या को कम की जा सकती है। इमली की पत्तियों से स्प्रे तैयार करने के लिए सबसे पहले इमली की पत्तियों को 2 कप पानी में उबाल लें। इसके बाद इसमें 2 चम्मच आंवला पाउडर डालें और पूरी रात के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को छान लें और एक स्प्रे बोतल में भरकर रख दें। इस स्प्रे को नहाने से पहले अपने बालों पर करीब 30 मिनट के लिए लगाकर थोड़ें। इससे कुछ ही दिनों में सफेद बालों की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

## इमली की पत्तियां और आंवला

आंवला और इमली की पत्तियों का बालों पर इस्तेमाल करने से सफेद बालों की समस्या कम की जा सकती है। इसका इस्तेमाल करने के लिए दो ताजे आंवला लें। इसके बाद इसे इमली की पत्तियों में पीस लें। अब इसे अपने बालों पर लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। बाद में नॉर्मल पानी से बालों को धो लें। ध्यान रखें कि आपको पूरे दिन शैंपू का इस्तेमाल नहीं करना है। अगले दिन आप बालों में शैंपू लगाएं। इससे सफेद बालों की परेशानी कुछ समय में कम हो सकती है।

## इमली की पत्तियां और दही

दही और इमली की पत्तियों से सफेद बालों की समस्या कम की जा सकती है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इमली की पत्तियों को दही में डालकर इसे ग्राइंड कर लें। इसके बाद इसे अपने बालों पर लगाएं और करीब 1 घंटे के लिए छोड़ दें। रोजाना इस तरह हेयर पैक यूज करने से सफेद बालों की समस्या दूर होगी।

## इमली की पत्तियां और मेथी दाना

मेथी दाना और इमली की पत्तियां बालों के लिए काफी अच्छी साबित हो सकती हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए मेथी दाना को रातभर पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इसमें से मेथी निकाल लें और इसके साथ इमली की कुछ पत्तियों को डालकर पीस लें। अब इस पेस्ट को अपने बालों पर लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। बाद में नॉर्मल पानी से बालों को धो लें। इससे सफेद बालों की परेशानी कम हो सकती है।

# चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

चेहरे के अनचाहे बाल चेहरे की खूबसूरती को कम करते हैं। आप पार्लर जाकर भी चेहरे के अनचाहे बाल हटवाते होंगे। लेकिन कई बार इतना समय नहीं रहता कि पार्लर जाया जा सके। ऐसे में हम कुछ ऐसे घरेलू उपाय लेकर आए हैं, जिन्हें अपनाकर चेहरे के अनचाहे बालों को आसानी से हटाया जा सकता है। ये घरेलू उपाय अपनाकर चेहरे के बालों की ग्रोथ भी कम होगी, जिस कारण जल्दी जल्दी चेहरे पर बाल नहीं आएंगे। इनके इस्तेमाल से आप केमिकलयुक्त चीजों के उपयोग से बच जाएंगे।

## चीनी, नींबू और शहद

चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए 1 चम्मच चीनी लें, 1 चम्मच शहद और नींबू का रस लें। इन तीनों को अच्छे से मिलाने के लिए पानी भी डाल सकते हैं। अब इन तीनों सामग्री को तब तक पकाएं जब तक एक गाढ़ी चाशनी तैयार न हो जाए। जब ये मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसे वैक्सिंग स्ट्रिप या एक सूती कपड़े की मदद से बालों को हटाने के लिए विपरीत दिशा में लगाते हुए फैलाएं। इसको करने के बाद कई बार त्वचा ड्राई हो सकती है। इससे बचने के लिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।



## पपीता और हल्दी

चेहरे के अनचाहे बाल हटाने के लिए पपीते का पेस्ट बनाएं और इसमें 2-3 चुटकी हल्दी मिलाएं। अब इस मिश्रण को 5 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। चेहरे को साफ करके इस पेस्ट को चेहरे को गर्दन के आसपास लगाएं। जब पेस्ट सूख जाए तो गीले हाथों से इस पेस्ट को हटाने की कोशिश करें। हल्दी के इस्तेमाल से आपकी त्वचा में भी निखार आएगा।

## केला और ओट्स

ओट्स को पीसकर बारीक पाउडर मिला लें। अब इस मिश्रण में केला मिक्स करें। चेहरे पर 15 मिनट तक इस मिश्रण को लगा रहने दें। 15 मिनट बाद गीले हाथ करके इस मिश्रण को हल्के हाथ से रगड़ें। ये पेस्ट चेहरे को मॉइस्चराइज भी करेगा।

## बेसन और हल्दी

बेसन और हल्दी त्वचा में निखार लाने का काम भी करते हैं। इनको इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच बेसन में कुछ चुटकी हल्दी की मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे के उस हिस्से पर लगाएं जहां बाल ज्यादा हैं। नियमित रुप से चेहरे पर इसके इस्तेमाल से चेहरे के बाल हट जाते हैं।

## जौ का आटा और दूध

जौ का आटे और दूध को चेहरे पर लगाने के लिए एक बड़े चम्मच जौ के आटा में एक चम्मच दूध और नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं। इन तीनों को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। 15 से 20 मिनट के चेहरे पर ये मिश्रण को लगा रहने दें। चेहरे पर से पेस्ट सूखने के बाद स्किन को हल्के गुनगुने पानी से वॉश करें।

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णतः वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

## कृपा श्याम की का भव्य आयोजन 22 को

**तारानगर (नवयत्न)।** आगामी 22 फरवरी को तारानगर के श्याम प्रेमी परिवार के सौजन्य से विनायक रिसोर्ट, दिल्ली सरदारशहर रोड खेतरपाल मंदिर के पास, तारानगर में पिछले वर्ष की भांति बाबा श्याम का भव्य कार्यक्रम कृपा श्याम की का आयोजन किया जायेगा। श्याम प्रेमी प्रदीप सरावगी और रेणु सरावगी ने बताया की इस भव्य कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुतियां देने के लिए तुषार चौधरी कोलकाता, सोमेश जैन जयपुर, महेश पारीक मुंबई, शिवम जैन कानपुर, संगीत हनुमान म्यूजिकल ग्रुप मुंबई, श्याम श्रृंगार शंकर सैन जयपुर आएंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होकर रात को प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत तथा रात को सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था है। इससे पहले दिन 21 फरवरी को जब बाबा का शीश तारानगर पहुंचेगा तो तारानगर पुलिस स्टेशन के सामने सभी श्याम प्रेमी बाबा का स्वागत करके, नाचते-गाते ढोल नगाड़ो के साथ बाबा को लेकर आयेंगे। यह कार्यक्रम कोई व्यक्तिगत नहीं है। इसको करवाने वाला बाबा श्याम, करने वाला बाबा श्याम है। अतः सभी श्याम प्रेमियों से आग्रह है की इस भव्य कार्यक्रम कृपा श्याम की में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारें।

## 27 से शुरू होगा चार दिवसीय घूमर कार्यक्रम

**लाडनूं (नवयत्न)।** शहर के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक घूमर-2026 इस बार 27 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर लाडनूं क्षेत्र के होली प्रेमियों एवं निवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति ने इस बार कलाकारों का उत्साहवर्धन करने के लिए इस वर्ष कुल 200 पुरस्कार वितरित किए जाएंगे, जिनमें 15 कलाकारों को प्रथम, 25 को द्वितीय, 30 को तृतीय और 130 कलाकारों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विचित्र वेशभूषा और दैनिक प्रोत्साहन के लिए भी विशेष पुरस्कारों की श्रेणी रखी गई है, जो इस बार आकर्षण का केंद्र रहेगी। सुरक्षा और सुव्यवस्था को लेकर समिति ने इस बार भी शानदार इंतजाम किए हैं। पूरा कार्यक्रम परिसर आधुनिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा।

## 23 को सजेगी श्रीश्याम निशान पदयात्रा

**चिड़ावा (नवयत्न)।** श्रीश्याम युवा मित्र मण्डल के तत्वावधान में इस वर्ष 17वीं निशान पदयात्रा और फाल्गुन महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अंकित सैनी और मंदिर पुजारी अभिषेक सैनी ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का आगाज 21 फरवरी को होगा। इस दिन प्रातः 10:15 बजे विधि-विधान के साथ निशान पूजन किया जाएगा। इसी श्रृंखला में 21 फरवरी की रात्रि 8:15 बजे से एक विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें सुजीत बैदी नारनौल, सुनील बैदी, कुशल सिंह खेतड़ी, गणेश शर्मा चिड़ावा, योगेश शर्मा सूरजगढ़ और विनोद लक्खा चिड़ावा आदि भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 23 फरवरी को निकलने वाली निशान पदयात्रा होगी, जो चिड़ावा के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरेगी। पदयात्रा का मुख्य केंद्र अड़ूकिया स्कूल के सामने वाली गली रहेगा। भक्त महेन्द्र सैनी के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अलौकिक श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## भागवत कथा 19 से

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर आथुना बास में सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ 19 फरवरी को मंगल कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। मंदिर के पुजारी राजूराम ने बताया कि 19 फरवरी को सुबह सवा 8 बजे कलश यात्रा दादोजी मंदिर से रवाना होगी जो मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुँचेगी। कथा का वाचन दंडी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज के द्वारा किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक रहेगा। पूर्णाहुति 26 को सुबह सवा 9 बजे तथा भंडारा सवा 12 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है।

# डूंडलोद गर्ल्स स्कूल का वार्षिकोत्सव एलैसिया आयोजित

## दुआओं की स्याही से लिखो अपनी तकदीर, मार्क्स कम-ज्यादा मायने नहीं रखते : सूद





निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** बलवंतपुरा स्थित डूंडलोद गर्ल्स स्कूल में वार्षिकोत्सव एलैसिया 2026 का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर सोनू सूद रहे। जबकि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्तिकार नरेश कुमावत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। छात्राओं ने नृत्य-नाटिकाओं, स्कूल बैंड और ऑर्केस्ट्रा की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

बेस्ट डांसर, बेस्ट एकेडमिक, रेगुलैरिटी और ऑल-राउंड परफॉर्मेंस जैसी श्रेणियों में प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय सचिव व प्रसिद्ध मोटिवेटर बीएल रणवां ने बताया कि उत्सव का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। जबकि प्राचार्या इंदु सोनी ने इसे शिक्षा और संस्कृति का उत्सव बताया। एलैसिया 2026 शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सरोकार का ऐसा प्रेरक उत्सव बन गया। जिसे उपस्थित जनसमूह लंबे समय तक याद रखेगा। डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल के वार्षिकोत्सव में संबोधित करते हुए सोनू सूद ने विद्यार्थियों को जीवन का असली अर्थ समझाया। उन्होंने अपनी मां की सीख साझा करते हुए कहा कि उनकी मां हमेशा कहती है कि सोनू अपनी जिंदगी की कलम में दुआओं की स्याही डाल लेए। फिर देख तेरा नाम पन्नों पर नहीं आसमान पर लिखा जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती। अगर किसी के मार्क्स दस कम आ गए या कोई दूसरा एक नंबर ज्यादा ले गया। तो इससे जीवन की दौड़ तय नहीं होती। असली मायने इस बात के हैं कि आपका जुनून क्या है और आपका उद्देश्य क्या है। सोनू सूद ने कहा कि बस एक ही जुनून रखिए कि जो भी करूंगाए अपने माता-पिता को गर्व महसूस कराऊंगा। लेकिन उससे भी जरूरी है कि मैं इतना काबिल बनूं कि कल किसी की जिंदगी बदल सकूं। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि जिंदगी में पर्पज मिलना सबसे अहम है। जब लक्ष्य केवल नंबर लाना नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाना हो, तो फिर कोई भी आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता। महाशिवरात्रि के अवसर पर उन्होंने भगवान शिव से सभी के उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उनका इस मंच पर आना तभी सफल होगा जब वे सब मिलकर कुछ जिंदगियां बदल सकें। इस मौके पर स्कूल चेयरमैन सुलतानसिंह रणवां, राहुल रणवां, श्रीचंद रणवां, बीएल आर्य, महेंद्रसिंह, रामकुमार सिंह, कैलाश चोटिया, एडीईओ सैकंडरी उम्मेद महला, अशोक शर्मा, कुलदीप शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, सुभाष बुडानिया, केडी यादव, दयाशंकर जांगिड़, डी. लाल व बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया आदि जनमान्य उपस्थित रहे।

### कोविड काल का अनुभव बना टर्निंग पॉइंट

सोनू सूद ने कोविड काल का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे एक परिवार को पैदल कर्नाटक जाते देख उन्होंने बसों की व्यवस्था का निर्णय लिया। चार दिन की भागदौड़ के बाद पहली बार 10 बसों से 350 लोगों को भेजा। पता ही नहीं चला कि वो सफर साढ़े सात लाख लोगों तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि जब आप सच्ची नीयत से लगे रहते हैं तो ऊपर वाला आपके हाथ से कलम पकड़कर खुद लिखना शुरू कर देता है। अपने संबोधन में सोनू सूद ने छात्रों को जीवन का असली उद्देश्य समझाया। उन्होंने कहा कि एक्शन कमाल का किया और लगा कि यही करने आए थे, लेकिन विश्वास मानिए वो असली सपना नहीं था।

असली सपना तब पूरा हुआ जब आम इंसान से जुड़ने का मौका मिलाए और वो कोविड के समय हुआ। उन्होंने कहा कि जीवन में दो सबसे बड़े शब्द हैं। उम्मीद और कोशिश। अगर कोई आपसे उम्मीद नहीं रखता और आप किसी के लिए कोशिश नहीं कर सकते, तो जीवन अधूरा है। बैंक बैलेंसए गाड़ियां और बंगले मायने नहीं रखते, जब तक कोई जरूरतमंद यह महसूस न करे कि आप उसकी जिंदगी बदल सकते हैं।

### स्कूलों में गिविंग पीरियड भी होना चाहिए

सोनू सूद ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ गिविंग पीरियड भी होना चाहिए। ऐसा पीरियड जिसमें बच्चों को सिखाया जाए कि दूसरों की मदद कैसे की जाती है। उन्होंने कहा कि अगर बचपन में मदद का बीज बो दिया जाए। तो भविष्य में कोई जरूरतमंद दरवाजे पर खड़ा नहीं रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को हौंसला बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि हौंसला रखए एक समय ऐसा आएगा 3 जब घड़ी किसी और की होगी और समय तेरा बताएगा। साथ ही अपनी लिखी पंक्तियां भी सुनाईं तू अपनी खूबियां ढूंढ, कमियां निकालने के लिए तो लोग हैं ना 3, तू कुछ ऐसा करके दिखा दुनिया को, फिर तालियां बजाने के लिए तो लोग हैं ना।

### बच्चों की पहुंच बहुत लंबी है

फिल्म दबंग के प्रसिद्ध डायलॉग का जिक्र करते हुए उन्होंने माहौल को हल्का किया और कहा कि कानून के हाथ और सोनू सूद की लात दोनों बहुत लंबी हैं भैया3 लेकिन यहां के स्कूल के बच्चों की पहुंच उससे भी लंबी है। उन्होंने विश्वास जताया कि यहां से भविष्य के आईएएसए आईपीएसए नेता और कलाकार निकलेंगे जो देश ही नहीं, दुनिया में नाम रोशन करेंगे। गांव की बेटियां 2047 के विकसित भारत की आधारशिला बनेंगी दृ बीएल रणवां कार्यक्रम में बोलते हुए स्कूल सचिव बीएल रणवां ने अपने संबोधन में कहा कि जब भी किसी अतिथि को विद्यालय में आमंत्रित किया जाता है, तो उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि बच्चों को प्रेरणा देना होता है। उन्होंने मुख्य अतिथि सोनू सूद का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सोच, विजन और कर्म बच्चों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे और विद्यालय उनके बताए रास्ते पर छात्राओं को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा। रणवां ने बताया कि डूण्डलोद शिक्षण संस्थान पहले से डूण्डलोद पब्लिक स्कूल, डूण्डलोद और डूण्डलोद पब्लिक स्कूल, झुंझुनू संचालित कर रहा था। कार्य करते-करते विचार आया कि बेटियों के लिए अलग स्कूल खोला जाए, जहां वे बिना किसी रोक-टोक के खुलकर आगे बढ़ सकें। इसी सोच से डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल, बलवंतपुरा की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि मात्र दो वर्षों में छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई हैए जो गर्व का विषय है।

### चार स्तंभों पर आधारित शिक्षा मॉडल

सचिव बीएल रणवां ने कहा कि उनकी स्कूलों में शिक्षा के मॉडल के चार प्रमुख स्तंभ है। पहला वैल्यूज, जिसमें व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों का विकास। दूसरा पर्सनालिटी डेवलपमेंट, जिसमें ड्रेस सेंस, अनुशासन, समयपालन, संवाद शैली, बॉडी लैंग्वेज और हेल्पिंग नेचर। तीसरा एकेडमिक उत्कृष्टता, जिसमें रटने की पद्धति के बजाय थॉट प्रोसेस आधारित शिक्षण तथा चौथा स्पोर्ट्स व स्टेज एक्सपोजर, जिसमें बच्चियां मंच पर आत्मविश्वास से अपनी बात रख सकें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दूसरी कक्षा की छात्रा ने जिस आत्मविश्वास से एंकरिंग कीए वह विद्यालय की गुणवत्ता का प्रमाण है। एक कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने भी छात्राओं की व्यक्तित्व और संवाद शैली की सराहना की। नए सत्र से कक्षा छह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कक्षा 3 से साइबर सिक्योरिटी की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसके साथ ही मास मीडिया, फैशन डिजाइन और फुड एंड न्यूट्रिशन जैसे विषय भी जोड़े जाएंगे, जो सामान्यतः बड़े शहरों में उपलब्ध होते हैं।

रणवां ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचार को याद करते हुए कहा कि देश का विकास गांव और खेत .खलिहानों से होकर निकलता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश-सुबह की चिड़ियों की चहचहाहट, खेतों की हरियाली और सकारात्मक वातावरण-बच्चियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। स्कूल और गांव मिलकर छात्राओं को आगे बढ़ा रहे हैं। अपने संबोधन के अंत में रणवां ने सोनू सूद से आग्रह किया कि वे गांव की बेटियों पर फिल्म बनाएं-ऐसी बेटियों पर जो ढ़ाणी और खेतों से निकलकर शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि कहानी, मंच और कैनवास हम देंगे, आपको बस उसमें रंग भरना है।

## देव पितृकार्य भौमवती अमावस्या पर पितरों के निमित्त होगा दान पुण्य

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पंचांग के अनुसार मंगलवार को भौमवती अमावस्या हैं। अमावस्या तिथि मंगलवार को आने से इसे भौमवती अमावस्या और भौम अमावस्या कहा जाता हैं । जो पितृ दोष निवारण और तर्पण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गई हैं। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इस दिन पितृ तर्पण, दान और साधना करने से पितृदोष शांत होता हैं और घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती हैं। फाल्गुन कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 17 फरवरी को मंगलवार को शाम 05:33 बजे तक रहेगी। इस दिन सुबह स्नान के बाद दक्षिण दिशा की ओर मुख करके पितरों के लिए काले तिल, जल और कुश के साथ तर्पण करें। पीपल के पेड़ पर कच्चा दूध, गंगाजल और जल अर्पित करके सात परिक्रमा दें। पीपल वृक्ष में पितृ और भगवान विष्णु का वास माना गया हैं ।

शर्मा ने बताया कि इस दिन गेहूंएगुड़, तांबे के बर्तन या लाल कपड़े का दान करना फलदायी माना गया हैं। पितृ पूजन करने का समय सुबह 11:15 से दोपहर बाद 2:03 बजे तक रहेगा। काला तिल, उड़द, कंबल, जूते और छाता, वस्त्रादि का दान करें । इस दिन खीर, पूड़ी या तिल से बनी वस्तु कौवों को अर्पित करें साथ ही गाय को गुड़ और रोटी खिलाएं। पितृ स्तोत्र और गीता का पाठ करना चाहिए।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि श्रीमती ललिता पत्नी सुमेर सिंह के प्लॉट क्षेत्रफल 1100 वर्ग मीटर वाके खसरा नं. 488/262 ग्राम तोलियासर तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू में स्थित है उक्त अवासीय प्लॉट मेरे मुवकिल द्वारा दिनांक 04.02.2025 को आवासीय कन्वर्जन करवाया था। उक्त कन्वर्जन आर्डर उप पंजियक मण्डावा के यहां रजिस्ट्रेशन पृष्ठाकंन पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 91, के पृष्ठ संख्या 48 की क्रम संख्या 202603229100196 पर पंजीबद्ध किया गया था, उक्त प्लॉट पर श्रीमती ललिता पत्नी सुमेर सिंह ग्राम तोलियासर तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू किसी वित्तिय संस्था से लोन ले या गिरवी रखे तो उक्त प्लॉट पर लोन लेने या स्वामित्व संबंधी किसी को कोई आपत्ती / एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज /उज्र पर विचार नही किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मोबाईल नं. 9413434882**

## नाम परिवर्तन

मैं राकेश कुमार गुप्ता पुत्र गणेश कुमार गुप्ता जाति महाजन निवासी वार्ड नं 24 एस. के. शूज एजेन्सी खेमी सती रोड झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू राज. मैंने मेरा नाम राकेश गुप्ता से बदलकर राकेश कुमार गुप्ता रख लिया है अब भविष्य में मुझे राकेश कुमार गुप्ता के नाम से जाना जावे

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है। कि श्रीमती कोशल्या देवी पत्नी राजेश कुमार रोयल के प्लॉट क्षेत्रफल 800 वर्ग मीटर वाके खसरा नं. 432 ग्राम वाहिदपुरा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू में स्थित है उक्त अवासीय प्लोट मेरे मुवकिल द्वारा दिनांक 30.01.2026 को आवासीय कन्वर्जन करवाया था। उक्त कन्वर्जन आर्डर उप पंजियक मण्डावा के यहां रजिस्ट्रेशन पृष्ठाकंन पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 91, के पृष्ठ संख्या 32 की क्रम संख्या 202603229100180 पर पंजीबद्ध किया गया था, उक्त प्लॉट पर श्रीमती कोशल्या देवी पत्नी राजेश कुमार रोयल जाति मेघवाल ग्राम वाहिदपुरा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू किसी वित्तिय संस्था से लोन ले या गिरवी रखे, तो उक्त प्लाट पर लोन लेने या स्वामित्व संबंधी किसी को कोई आपत्ती/ एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज /उज्र पर विचार नही किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट मोबाईल नं. 9413434882**

## आम सूचना

Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भंवरलाल पुत्र पूर्णाराम नायक निवासी ग्राम बिरानिया, तहसील फतेहपुर जिला सीकर अपनी एक आवासीय जायदाद वाके ग्राम बिरानिया तहसील फतेहपुर जिला सीकर पट्टा नंबर 02, पट्टा दिनांकित 14.12.2010 तादादी 150 Sq. Yard. ग्राम पंचायत बिरानिया द्वारा श्री पूर्णाराम पुत्र मोटाराम नायक के पक्ष में जारी शुदा है उक्त पट्टे का पंजीयन सब रजिस्ट्रार ऑफिस फतेहपुर में 13.04.2011 को करवाया जा चुका है तत्पश्चात पट्टाधारी द्वारा उक्त पट्टे को प्रार्थी के पक्ष में जरिये गिफ्ट डीड दिनांकित 05.02.2026 को गिफ्ट की जा चुकी है। प्रार्थी उक्त सम्पति को Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है उक्त संपत्ति का मूल पट्टा नंबर 02 प्रार्थी से कही गुम हो चुका है। अगर किसी के पास उक्त मूल पट्टा हो तो finnova capital pvt. Ltd शाखा फतेहपुर में जमा करवा देवे। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं सवास्थ्य अधिकारी एवं संयोजक

### जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण, सीकर

**प्रारूप-4 (नियम 6 देखिए)**

**सूचना**

**आक्षेप फाइल करने के लिए रजिस्ट्रेशन प्रास्थिति का संप्रदर्शन**

मैं डॉ अशोक कुमार महरिया नैदानिक स्थापनों (रजिस्ट्रीकरण और विनियम) अधिनियम, 2010 के अधीन प्राधिकारी हेते हुए, धारा 24 के अन्तर्गत अधिन 03 जनवरी 2026 तक की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदनों पर विचार करने के पश्चात, नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 और तदधीन बने राजस्थान सरकार नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियम) नियम, 2013 के उपबन्धों के समाधान के लिए सीकर जिले की अधिकारित के भीतर नैदानिक स्थापनों की सूची, इनके द्वारा प्रकाशित करता हूँ:-

| क्र. सं. | नैदानिक स्थापन का नाम और पता | औषधि की पद्धति/ श्रेणी | प्रवर्ग और अनुपालन किये गए मानक |
|---|---|---|---|
| 01 | Absolute Path Care PVT. LTD., Shiv plaza, near Bajrang kanta, Sikar | ऐलोपथी/एडवान्स लैब | रोगी विज्ञान प्रयोगशाला हेतु अधिसूचित न्यूनतम मानक |
| 02 | Shardha Imaging and research center, centre, city pulse complex opp. s.k. School, Sikar | ऐलोपथी/मीडियम लैब | |
| 03 | Shri ram lab, Surani bazzar, Shrimadhopur | ऐलोपथी/बेसिक लैब | |
| 04 | Bharat x-ray and diagnostic center, opp. Govt. Hospital, Shrimadhopur | ऐलोपथी/बेसिक लैब | |

उपयुक्त सूची के सम्बन्ध में आक्षेप, यदि कोई हो, अधिनियम की धारा 26 की अधीन यथा अपेक्षित इस सूचना की तारीख से 30 दिन के भीतर लिखित में दो प्रतियों में कार्यालय मु. चि. एवं स्वा. अधि. सीकर को सम्बोधित किये जा सकेंगे।

दिनांक: 15.01.2026

**डॉ. अशोक कुमार महरिया**
संयोजक
जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीकर

DIPR/C/3186/2026

## कार्यालय ग्राम पंचायत प्रतापपुरा, पंचायत समिति झुंझुनू

क्रंमाक:- ग्रा.पं./ई-निविदा/2025-26/25 दिनांक:- 13/2/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26/प्रतापपुरा**

पंचायत समिति झुन्झुनू की ग्राम पंचायत प्रतापपुरा में एमएलए लेड/पन्द्रहवां वित आयोग/राज्य वित आयोग षष्ठम मद योजना अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित कार्य को सम्पादित करने हेतु पंचायराज अधिनियम 1996 के नियम 181 (2) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन पादर्शिता नियम 2013 के अनुसार राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों में पंजीकृत एवं अधिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं प्राधिकृत फर्मों से ई निविदाएँ (Work Tender) आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबधित समस्त जानकारी कार्यालय समय में ग्राम पंचायत प्रतापपुरा के कार्यालय एवं http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

1. निविदा आवेदन डाउनलोड करने/ ऑनलाईन जमा करवाने की तारीख — दिनांक 15.02.2026 दोपहर 2:00 बजे से दिनांक 21.02.2026 दोपहर 2:00 बजे तक।
2. ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख व समय व स्थान — दिनांक 23.02.2026 दोपहर 2:00 बजे
3. निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एंव धरोहर राशि के डीडी जमा कराने की तिथि व समय — 23.02.2026 प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत प्रतापपुरा

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | निविदा शुल्क रूपये | प्रोसेसिंग शुल्क रूपये | धरोहर राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम आदर्श नगर में रामनिवास सैनी के घर से मोहनलाल सैनी के घर की ओर इन्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य | 11 | 500 | 500 | 22000 |

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत प्रतापपुरा
पंचायत समिति झुन्झुनूं

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत प्रतापपुरा
पंचायत समिति झुन्झुनूं

## साल 2026 : फाल्गुन अमावस्या पर साल का पहला सूर्य ग्रहण आज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** फाल्गुन अमावस्या मंगलवार को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगेगा। हालांकि, यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक मान्य नहीं होगा, फिर भी नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर गंगा स्नान कर भगवान शिव की पूजा, जप-तप और दान.पुण्य किया जाता है। इसके साथ ही पितरों का तर्पण एवं पिंडदान किया जाता है। अमावस्या तिथि पर देवों के देव महादेव की पूजा करने से व्यक्ति को जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकटों से मुक्ति मिलती है। ज्योतिष विद्वान बनवारी लाल शर्मा के अनुसार फाल्गुन अमावस्या के दिन साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने वाला है। सूर्य ग्रहण के दौरान राहु का प्रभाव बढ़ जाता है। ज्योतिष गणना अनुसार 17 फरवरी मंगलवार को साल का पहला सूर्य ग्रहण होगा। सूर्य ग्रहण के दौरान सूतक 12 घंटे पूर्व लगता है। हालांकि, भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा। इसके लिए सूतक मान्य नहीं होगा। इसके बावजूद ग्रहण के दौरान शास्त्र द्वारा निर्धारित नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। शर्मा के अनुसार यह सामान्य से काफी अलग यानी वलयाकार सूर्य ग्रहण होने वाला है। इसे बोलचाल की भाषा में श्रिंग ऑफफायर भी कहा जाता है। जब चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह से ढ़क नहीं पाता है तो उसका बाहरी हिस्सा ऐसा नजर आता है मानो चमकती अंगूठी हो। वहीं फाल्गुन अमावस्या के दिन मेष राशि के जातकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। इस राशि के जातकों पर सूर्य देव की विशेष कृपा बरसती है। वहीं, मायावी ग्रह राहुए सूर्य देव को अपना शत्रु मानते हैं। मेष राशि के जातक शुभ काम न करें। वाणी और क्रोध पर कंट्रोल रखें। किसी से विवाद न करें। बड़ों की सेवा और सम्मान करें। ग्रहण के दौरान नकारात्मक जगहों पर जाने से बचें। भगवान विष्णु का ध्यान करें और उनके नामों का जप करें। वर्तमान समय में मायावी ग्रह केतु सिंह राशि में विराजमान हैं। वहीं, सिंह राशि के स्वामी आत्मा के कारक सूर्य देव हैं और आराध्य भगवान विष्णु हैं। मायावी ग्रह राहु और केतु सूर्य देव को अपना शत्रु मानते हैं। सूर्य ग्रहण के दिन अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। अपनी सेहत का ध्यान रखें। तनाव की समस्या हो सकती है। बेवजह की बातों में ध्यान न दें। किसी से बहस न करें। किसी के प्रति बुरा न सोचें। यात्रा से बचें। किसी को उधार न दें। कारोबार से जुड़े अहम फैसले न लें। ग्रहण के समय विष्णु जी के नामों का जप करें। ग्रहण के बाद सफेद एवं पीले रंग की चीजों का दान करें।

### सूर्य ग्रहण का समय

साल 2026 का पहला सूर्य ग्रहण 17 फरवरी को दोपहर 03:26 मिनट पर शुरू होगा। वहीं, इसका समापन रात 07:57 मिनट पर होगा। ज्योतिषियों के अनुसार, इस ग्रहण का असर सभी राशि के जातकों पर पड़ेगा। पंडित विद्रोही के अनुसार सभी जातकों को अपनी राशियों के अनुसार ग्रहण काल में मंत्र जाप करना चाहिए।

### कहां-कहां दिखाई देगा

वर्ष 2026 का पहला सूर्य ग्रहण बेहद खास रहेगा। यह वलयाकार होगा। यह पूरे विश्व में दिखाई नहीं देगा। कुछ हिस्से के लोग ही इस अनूठी खगोलीय घटना के गवाह बन पाएंगे। इनमें अंटार्कटिका का सुदूर क्षेत्र, हिंद महासागर का दक्षिणी हिस्सा, रूस का मिनी स्टेशन और फ्रांस व इटली का कॉनकॉडिया स्टेशन।

## भारत विस्तार का राष्ट्रीय शुभारंभ आज

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत विस्तार का शुभारंभ राज्य कृषि प्रबंध संस्थान (श्याम), दुर्गापुरा में मंगलवार को किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा की जाएगी। सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि इस संबंध में मंगलवार को सवेरे 10 बजे जिला स्तर पर डीओआईटी वीसी सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जिला, ब्लॉक व पंचायत स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा रहेगा।

## हाईकोर्ट में सजा स्थगन, अधिवक्ता प्रशांत शर्मा की पैरवी रंग लाई

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान उच्च न्यायालय में सस्पेंशन ऑफ सेंटेंस एप्लीकेशन (एसओएसए) से जुड़े एक प्रकरण में आरोपी पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रशांत शर्मा की प्रभावी पैरवी के बाद राहत मिली। उच्च न्यायालय जयपुर न्यायाधीश विनोद कुमार भारवानी की एकल पीठ ने सुनवाई के पश्चात सजा स्थगित करते हुए आवेदन स्वीकार कर लिया। प्रकरण भारतीय दंड संहिता की धारा 304ए और 279 से संबंधित था। निचली अदालत द्वारा दोषसिद्धि और सजा सुनाए जाने के बाद उच्च न्यायालय में सजा स्थगन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्रशांत शर्मा ने मामले के तथ्यों, साक्ष्यों एवं परिस्थितियों को विधिक दृष्टि से विस्तारपूर्वक न्यायालय के समक्ष रखा। उनकी तार्किक दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को सजा स्थगन का लाभ प्रदान किया।

## भगवान से माफी मांगने के बाद चुराई मोटरसाइकिल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सांगानेर थाना इलाके में एक शातिर चोर समोसा खाते हुए महज 4 मिनट में बाइक चोरी कर फरार हो गया। शातिर चोर ने बाइक पर हाथ साफकरने से पहले भगवान के हाथ जोड़े और क्षमा याचना करने के बाद बाइक चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि फागी निवासी हेनी मधानी सांगानेर पिंजरापोल गोशाला के पास एक शोरुम पर सामान खरीदने के लिए आया था। सामान खरीदने के बाद पीड़ित बाहर आया तो बाइक गायब मिली। पीड़ित की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें शातिर चोर एक हाथ से समोसा खाते हुए बाइक के पास पहुंचा और लोगों की गतिविधियों को देखने के बाद बाइक का लॉक तोड़ा और लेकर फरार हो गया। शातिर वाहन चोर ने बाइक स्टार्ट करने से पहले आसमान की ओर देखा और भगवान को याद करने के बाद बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देकर महज 4 मिनट में फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बाइक चोरी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 को

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** निर्वाचन विभाग के निर्देशों के तहत 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन जो 14 फरवरी को किया जाना था अब वह 21 फरवरी को किया जाएगा। कार्यवाहक जिला निर्वाचन अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा अंतिम प्रकाशन की तिथि में संशोधन किया गया है।

# सब इंस्पेक्टर एपीओ, अभद्रता करने के आरोप में पुजारी बैठे धरने पर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** माणक चौक थाना इलाके में महाशिवरात्रि के दिन ताड़केश्वर महादेव मंदिर में धार्मिक आयोजन के दौरान सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा ने पुजारी से अभद्रता की। जिसके पश्चात मंदिर परिसर का माहौल गर्मा गया। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी कर रहे सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने पूजा-अर्चना कर रहे भक्तों के साथ भी हाथापाई की। जिसके बाद मंदिर प्रशासन ने भक्तों की मदद से सुरेश शर्मा को गर्भगृह से बाहर निकाल दिया। मंदिर परिसर में पुजारियों के साथ ही अभद्रता के बाद रोष में आए पुजारियों ने सोमवार को मंदिर परिसर का मुख्य गेट बंद कर दिया और धरने पर बैठ गए और सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा को सस्पेंड करने की मांग करने लगे। पुजारियों के धरना प्रदर्शन की खबर सुनने के बाद हवा महल विधायक बाल मुकुंद आचार्य भी धरना स्थल पर पहुंचे और दोषी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिसके पश्चात पुलिस के अधिकारी एएसपी नीरज पाठक, माणक चौक थाना अधिकारी राकेश ख्यालियां भी मौके पर पहुंचे और सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा को एपीओ के आदेश दिखाएं। इसी के साथ तीन दिन में जांच पूरी करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद गुस्साए पुजारियों ने धरना समाप्त कर दिया।

### ये था मामला

बताया जा रहा है कि महाशिवरात्रि को ताड़केश्वर महादेव मंदिर में चार पहर की पूजा होनी थी। अधिक भीड़ और अनहोनी के चलते पुलिस प्रशासन को लिखित सूचना दी गई थी। रात 11 बजे दूसरे पहर की पूजा में सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा मंदिर परिसर में आए और मंदिर के गर्भगृह में पहुंच कर भोले बाबा के दर्शन करने लगे। पुजारियों ने सुरेश शर्मा को बेल्ट बाहर उतारकर आने के लिए कहा। बस इतनी सी बात को लेकर सब इंस्पेक्टर का सुरेश शर्मा आवेश में आ गए और पुजारियों से धक्का मुक्की करने लग गए। इसी दौरान मंदिर में मौजूद भक्तों ने घटना का वीडियो बना लिया। मंदिर पुजारी का आरोप है कि हाथापाई में उनके दांत में चोट आई। आवेश में आए सुरेश शर्मा ने बीच-बचाव



कर रहे भक्तों के साथ भी हाथापाई की।

### पूर्व में रहे चुका है सब इस्पेक्टर विवाद में

बताया जा रहा है कि सब इस्पेक्टर पूर्व में भी गोविंद देवजी मंदिर और ताड़केश्वर मंदिर में भक्तों और पुजारियों के साथ अभद्रता कर चुका है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी की गई थी। इस बार भी सुरेश शर्मा ने मंदिर के गर्भगृह में घुसकर पुजारियों और भक्तों के साथ मारपीट की है। इस मामले को लेकर एएसपी नॉर्थ नीरज पाठक का कहना है कि मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के बीच मतभेद किसी गलतफहमी को लेकर हुआ था। मंदिर प्रशासन की मौजूदगी में वार्ता हुई है। मामले की जांच कराई जाएगी।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन कल

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले में बुधवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही एनीमिया उपचार के लिए गर्भवती व धात्री महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन लगाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि बुधवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाएगा।

जिसके तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी और मां वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर प्रदान किए जायेंगे।

## राम-नाम की गूंज के साथ दो दिवसीय खुला साधना-सत्संग आज से



निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** स्थानीय पुलिस थाने के पीछे स्थित सरस्वती विद्यालय परिसर के श्रीरामशरणम सत्संग हॉल में 17 एवं 18 फरवरी को खुला साधना-सत्संग एवं नाम दीक्षा का भव्य आध्यात्मिक आयोजन प्रारंभ होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित कर साधकों को विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। वरिष्ठ साधक ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि यह आयोजन परम आदरणीय संत शिरोमणि स्वामी सत्यानंद महाराज, परम पूज्य संत प्रवर्तक प्रेम महाराज तथा परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन डॉ विश्वामित्र महाराज की असीम अनुकंपा से संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को प्रात: 6:45 बजे ध्यान एवं कीर्तन से होगा। इसके पश्चात प्रात: 9:30 से 11 बजे तक अमृतवाणी का सामूहिक पाठ, भजन, प्रवचन एवं नाम दीक्षा आयोजित की जाएगी। बुधवार को सायं 4:15 बजे सामूहिक पाठ, भजन एवं आरती के साथ खुले साधना-सत्संग का समापन होगा। वरिष्ठ साधक ईश्वर प्रजापत ने बताया कि नाम दीक्षा पूर्णत: सरल एवं सहज प्रक्रिया है, जिसमें किसी प्रकार का आडंबर, बंधन, गुरु-दक्षिणा या विशेष पूजा का विधान नहीं है। इसमें केवल साधना करने तथा राम-नाम जप का संकल्प कराया जाता है। उन्होंने साधकों से आग्रह किया कि वे सत्संग में सहभागिता हेतु श्री भक्ति प्रकाश एवं श्रीमद्भगवद्गीता ग्रंथ साथ लाएं और प्रत्येक बैठक से 15 मिनट पूर्व सत्संग हॉल में पहुंचें। आयोजन स्थल श्रीरामशरणम सत्संग हॉल, सरस्वती विद्यालय पुलिस थाने के पीछे रहेगा। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं एवं साधकों से इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है। खुले साधना-सत्संग एवं नाम दीक्षा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शहर की कॉलेज, गांवों, ढाणियों में लगातार प्रचार प्रसार सांवरमल पारीक, ईश्वर प्रजापत, दिनेश सोनी, चन्दन सैनी, बाबूलाल, हरिप्रसाद, राकेश सैनी, गोरीशंकर, मनीष सैनी, रोहित, चंद्रकला स्वामी, माया शर्मा, रितु राठौड़ द्वारा किया जा रहा हैं।

## चोरी की वारदात का खुलासा करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव पार्वतीसर गत 13 फरवरी को हुई चोरी की वारदात का खुलासा करने एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सरपंच प्रतिनिधि महावीर सिंह पार्वतीसर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एएसपी दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि पार्वतीसर निवासी गुमान सिंह के यहां अज्ञात लोगों ने घर के कमरे में सो रहे घरवालों को बाहर से बंद कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। ज्ञापन में बताया गया है कि पुलिस ने प्रकरण में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। ज्ञापन में चोरी की वारदात को अंजाम देने वालों का गिरफ्तार करने तथा चोरी हुए सामान की बरामदगी करवाने की मांग की। इस दौरान श्रवण सिंह, पूनम सिंह, महेन्द्र सिंह, जेठूसिंह, प्रहलाद सिंह, महेन्द्र सिंह, गजु सिंह आदि मौजूद थे।



## पंच गौरव योजना से निखर रहा आमेर का पर्यटन वैभव

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पंच गौरव योजना के तहत एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में चयनित आमेर दुर्ग में सैलानियों के लिए व्यापक सुविधा विस्तार कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन जयपुर द्वारा पर्यटन विभाग एवं संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर आमेर दुर्ग में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाया जा रहा है, ताकि यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो सके। अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह ने बताया कि आमेर दुर्ग प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली प्रतीक है, जहां प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। पर्यटकों की सुविधा और विरासत संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा पंच गौरव योजना अंतर्गत 89 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। महिला पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मानसिंह महल एवं दीवाने-आम में बेबी फीडिंग रूम का निर्माण किया जा रहा है। दलाराम बाग एवं रामबाग के फव्वारों तथा रपटों के नियमित संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिससे परिसर की सुंदरता और आकर्षण में वृद्धि होगी। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि पेयजल आपूर्ति को व्यवस्थित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से माधोसिंह थान की ओर बड़ी पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे सम्पूर्ण महल परिसर में सुचारु जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा लीकेज एवं सीपेज से ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखा जा सकेगा। रात्रिकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए सुख निवास एवं मानसिंह महल में सौम्य प्रकाश व्यवस्था विकसित की जा रही है, ताकि पर्यटक शाम के समय भी दुर्ग की भव्यता का आनंद ले सकें। साथ ही सनसेट प्वाइंट एवं कपल वेडिंग फोटो साइट का विकास कर आमेर को आकर्षक पर्यटन एवं डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल के रूप में



भी स्थापित किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार, ब्रांडिंग एवं विपणन गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 में आमेर दुर्ग एवं सम्पूर्ण आमेर कस्बे में डिजिटल म्यूजियम, आधुनिक साइनेज, उन्नत लाइटिंग एवं व्यवस्थित पार्किंग जैसी विश्वस्तरीय सुविधाओं के विकास हेतु 50 करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान किया गया है, जिससे आमेर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त पहचान मिलेगी। डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य गुणवत्ता, समयबद्धता एवं विरासत संरक्षण के मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि आमेर दुर्ग का समग्र विकास न केवल पर्यटन राजस्व में वृद्धि करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, हस्तशिल्प, गाइड सेवा, परिवहन एवं अन्य पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगा।

## आबादी क्षेत्र में संचालित प्लास्टिक गोदाम व होटलों को थमाए नोटिस

**लाडनूं (नवयत्न)।** बाईपास मार्ग पर संचालित प्लास्टिक उत्पाद गोदाम एवं होटल संचालकों को पुलिस ने नोटिस देकर फायर सेफ्टी एवं नगरपालिका की एनओसी पेश करने के निर्देश दिए हैं। थानाधिकारी शिंभु सिंह ने बताया कि विभागीय गश्त के जरिए संज्ञान में आया कि लाडनूं नगरपालिका क्षेत्र घनी आबादी के बीच भारी मात्रा में प्लास्टिक उत्पाद कचरे एवं ज्वलनशील सामग्री का भंडारण कर रखा है। प्लास्टिक उत्पाद ज्वलनशील होता है यहां आग लगने पर जनजीवन के लिए खतरा होने की संभावना बनी हुई है।

प्लास्टिक स्टॉक भी अधिक भरा हुआ है इसके बावजूद यहां आग बुझाने के प्राथमिक उपकरण, फायर सेफ्टी और सुरक्षा मानकों का अभाव पाया गया है। गर्मी के मौसम में किसी चिंगारी से यहाँ आग लगने की स्थिति में आसपास के रिहायशी मकानों और मानव जीवन को अपूर्णीय क्षति होने का अंदेशा बना है ।

## जरूरतमंदों की भलाई के लिए नि:स्वार्थ भाव से किये जाने वाले कार्य ही सेवा कार्य कहलाते हैं : डूडी

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** जरूरतमंदों की भलाई के लिए नि:स्वार्थ भाव से किये जाने वाले कार्य ही सेवा कार्य कहलाते हैं तथा महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र इस कसौटी पर खड़ा उतरता है। ये विचार नोखा विधायक श्रीमती सुशीला रामेश्वरलाल डूडी ने महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र पर विधायक कोटे से स्थापित सोलर पैनल के उद्घाटन कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुशीला डूडी, डॉ. सुंदरलाल सुराणा, वीर केंद्र चेयरमैन सुरेन्द्रकुमार हीरावत, वीरा केंद्र चेयरपर्सन सरला अग्रवाल, यूथ चेयरमैन विनोद जैन ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर तथा महावीर इंटरनेशनल की सामूहिक प्रार्थना से किया गया।

स्वागत कार्यक्रम में वीरा सुषमा बजाज व लीला मरोठी ने विधायक का माल्यार्पण किया तथा सचिव वीरा ललिता मंत्री, मंजू बैद, उर्मिला तापडिया ने शॉल ओढ़ा कर सम्मान किया। वीर केंद्र के डॉ. एम.पी. तिवाडी, ईश्वरचंद दूगड़, वीर केंद्र चेयर मैन सुरेंद्र हीरावत ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। नोखा केंद्र सचिव वीर बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि विधायक सुशीला डूडी ने 8.3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल हेतु विधायक कोष से 4.93 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की थी जिससे गत दिनों नगर पालिका नोखा ने कार्यकारी एजेंसी के रूप में कार्य करते हुए स्थापित किया। अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए महावीर इंटरनेशनल की संगठन संरचना व गतिविधियों की जानकारी दी तथा नोखा केंद्र को सोलर प्रदान करने के लिए विधायक सुशीला डूडी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने केंद्र की भावी आवश्यकताओं के बारे में बताया। केंद्र उपाध्यक्ष वीर अनिल जैन ने बताया कि विधायक सुशीला डूडी ने 5 किलो वाट क्षमता के एक ओर सोलर पैनल तथा नेत्र जांच हेतु अनुमानित 15 लाख रुपए विधायक कोष से भविष्य में और उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। नगरपालिका नोखा के पूर्व अध्यक्ष निर्मल कुमार भूरा ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की सराहना के साथ.साथ विधायक महोदय का भी इस सहयोग व नगरपालिका नोखा को कार्यकारी एजेंसी चुनने के लिए आभार व्यक्त किया। नोखा केंद्र चेयरमैन सुरेंद्रकुमार हीरावत ने विधायक सहित समस्त आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर का भी विधायक सुशीला डूडी ने अवलोकन किया तथा मरीजों से बातचीत कर कुशल क्षेम जानी। इस कार्यक्रम में मांगीलाल संचेती, मोहनलाल पारख, रामेश्वर लाल छींपा, शिवनारायण झंवर, कन्हैयालाल सियाग, मोहनलाल लीलड़, मुरली गोदारा, सुरेंद्र भट्टड़, राजेश अग्रवाल, उत्तमचंद बेताला, देवकिशन व्यास, इन्द्रचंद बैद, मोतीलाल डागा, मूलचंद सेवक, गौरी शंकर नाई, वीरा प्रीति मरोठी, अर्चना पारीक, सीमा मिश्रा सहित महावीर इंटरनेशनल के सदस्य गण एवं नगर के प्रतिष्ठित जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

## ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल 28 फरवरी से

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल जीएचडब्लूएफ 2026 के लिए जयपुर शहर एक अनोखा अनुभव देखने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह भारत का सबसे बड़ा पब्लिक-कनेक्ट हेल्थ फेस्टिवल है जो 28 फरवरी और 1 मार्च 2026 को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में होगा। केयर हेल्थ इंश्योरेंस, गो माया फाउंडेशन के साथ मिलकर जीएचडब्लूएफ 2026 को प्रस्तुत कर रहे है। जीएचडब्लूएफ 2026 आरोग्य टेक लिमिटेड द्वारा पावर्ड, कोगटा फाउंडेशन और जीसीएल ड्रीम्स द्वारा को-पावर्ड है। ये पार्टनरशिप फेस्टिवल के हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी और सोशल इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म के बीच मजबूत सहयोग को दर्शाती है। जीएचडब्लूएफ के फाउंडर और सीईओ हिम्मत सिंह ने बताया कि जीएचडब्लूएफ 2026 सिर्फ एक इवेंट नहीं, यह एक हेल्थकेयर मूवमेंट है जो दुनिया भर के हॉस्पिटल, भारत के बड़े मेडिकल इंस्टीट्यूशन और जयपुर के सबसे अच्छे हेल्थ केयर प्रोवाइडर को एक मंच प्रदान करता है ताकि आम लोगों को अच्छी, सस्ती और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर एक ही जगह पर दी जा सके। हमारा फोकस साफ है, जल्दी डायग्नोसिस, जागरूकता और उन लोगों को असली मदद जिन्हें सच में इसकी जरूरत है। इस साल फेस्टिवल में जयपुरवासियों के लिए इंटरनेशनल हेल्थकेयर एक्सपर्टाइज भी आ रहे है जिनमें दुबई के एस्टर ग्रुप और तुर्की के एमएलपी केयर जैसे ग्लोबल हॉस्पिटल ब्रांड के साथ अपनी मेडिकल समस्याओँ के बारे में बात करने का मौका मिलेगा - जो फेस्टिवल के लोकल से ग्लोबल विज़न की तरफ एक बड़ा कदम है। जाने-माने भारतीय इंस्टीट्यूशन जैसे मेदांता-द मेडिसिटी फेस्टिवल में भारत के बेस्ट चेस्ट फिजिशियनस को में एक मंच पर चर्चा पेश करने का मौका देगी जिसमें कोविड के बाद सांस की बीमारियों पर फोकस किया जाएगा, जो आज कल सभी उम्र के लोगों में काफी बढ़ रही हैं। इस फेस्टिवल में जयपुर के सबसे भरोसेमंद हेल्थ केयर इंस्टीट्यूशन जैसे नारायणा हेल्थ, सीके बिरला हॉस्पिटल, शाल्बी हॉस्पिटल, अपोलो स्पेक्ट्रा, बालाजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, पिंक स्टार हॉस्पिटल, मैटरनिटी हॉस्पिटल, नियो क्लिनिक, एशियन कैंसर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मंगलम इंटरनेशनल आएवीएफ, सेहत फिजियोथेरेपी, और माय डेंटाकेयर शामिल होंगे। हमारे डायग्नोस्टिक पार्टनर परफेक्ट लैब और एसआरएल डायग्नोस्टिक्स फेस्टिवल के दौरान बड़े पैमाने पर प्रिवेंटिव स्क्रीनिंग इनिशिएटिव में मदद करेंगे। फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण बड़े पैमाने पर प्रिवेंटिव हेल्थ स्क्रीनिंग इनिशिएटिव होगा, जिसमें फेस्टिवल के सभी रजिस्टर्ड पार्टिसिपेंट्स को मेडिकल फील्ड में फ्री स्पेशलिस्ट कंसल्टेशन मिलेगा। हेल्थ चेक-अपए ऑन-साइट डायग्नोस्टिक्स या टेस्ट वाउचर संबंधित हॉस्पिटल द्वारा जारी पार्टनर हॉस्पिटल में एक हफ्ते के अंदर रिडीम किए जा सकेंगे, साथ ही एक स्पेशल हेल्थ बेनिफिट बुकलेट भी दी जाएगी जो सालाना फ्री और डिस्काउंटेड सर्विस देगी, जिससे परिवार हेल्थकेयर खर्च पर सालाना 10,000-15,000 बचा सकेंगे।

इसके अलावा जीएचडब्लूएफ 2026 जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त सर्जरी की सुविधा देगा, जिसमें मोतियाबिंद की सर्जरी और जन्मजात दिल की बीमारियों वाले बच्चों का इलाज शामिल है, जिससे फेस्टिवल के मजबूत सोशल-इम्पैक्ट मिशन को और मजबूती मिलेगी।

मजबूत मेडिकल पार्टनरशिप, इंटरनेशनल भागीदारी और बचाव और सस्ती देखभाल के कमिटमेंट के साथ, जीएचडब्लूएफ 2026 भारत के हेल्थ केयर आउटरीच लैंडस्केप में एक नया बेंचमार्क सेट करने का वादा करता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190